City24News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 09 | पेज 8 | मंगलवार 09 जनवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

विश्वविद्यालय शोध को दें प्राथमिकता : महामहीम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

शोधार्थियों के सर्वश्रेष्ठ शोध के लिए दी बधाई

कहा, उपलब्ध संसाधनों में गुणवत्ता परक शोध को दें बढ़ावा

शोध पत्रों में हो गुणवत्ता व स्पष्टड्ढता

आत्मनिर्भर बनें, किसी पर न रहे निर्भर

हमेशा नया करने की रखें जिज्ञासा

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़, 8 जनवरी। महामहीम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रिसर्च स्कोलर्स का आह्वान किया कि वे उपलब्ध संसाधनों में ही गुणवत्ता परक शोध करें। शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टड्ढता होनी चाहिए। स्वयं मेहनत कर आंकड़े एकत्रित करें। शोध को प्राथमिकता देते हुए शोध कार्यों के लिए बजट को भी बढ़ाया जाये। कभी किसी अन्य व्यक्ति पर निर्भर न रहे। कुछ नया करने की जिज्ञासा रखें तथा मेहनत से कार्य करें। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय स्थानीय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर में फैकल्टी सदस्यों व रिसर्च स्कोलर्स से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध करवाई जायेगी। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य शोध के कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। उन्होंने रिसर्च स्कोलर्स से थॉमस एडीसन के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अनेक शोध किये। उन्होंने कहा कि शोधार्थी तकनीक को अपनाये तथा हमेशा कुछ नया कार्य करने की जिज्ञासा रखें। उन्होंने कहा कि शोध पत्रों में गुणवत्ता व स्पष्टड्ढता होनी चाहिए।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन व रिसर्च स्कोलर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शोध को बढ़ावा देने के लिए उद्योग क्षेत्र व मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों के साथ सहभागिता करें। शोध को फैकल्टी सदस्यों तथा साथियों के साथ सांझा करें। गुणवत्ता परक शोध से विश्वविद्यालय की पहचान बनाये। उन्होंने कहा कि जागरूकता भी बहुत जरूरी है। शोध को तपस्या मानकर पूर्ण करें।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, शोध सेल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रो. डॉ. ध्रुव चौधरी तथा प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी ने स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कोलर्स ने शोध के दौरान के अनुभव सांझा किए।

इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, विश्वविद्यालय की कुलपति अनीता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, संयुक्त निदेशक मोनिका, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह, शोध सेल के प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रो. डॉ. ध्रुव चौधरी, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, डीन डॉ. केएस लैलर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल सहित विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्य व रिसर्च स्कोलर्स मौजूद रहे।

राजा नाहर सिंह बलिदान दिवस पर विशेष

राजा नाहर सिंह के बल पर 134 दिन तक आजाद रही थी दिल्ली

देश की आजादी के लिए बेटी की शादी धूमधाम से न कर राजकुमार की तलवार से की

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। देश की आजादी के लिए असंख्य शहीद शूरवीर और रणबांकुरों की शौर्य गाथाएं इतिहास के पन्नों पर अंकित हैं, जिन्हें पढ़ने मात्र से ही देशभक्ति, स्वाभिमान और वतन के लिए मर मिटने का असीम ज़ज्बा पैदा हो जाता है। ऐसे ही एक अनूठे शूरवीर और पराक्रमी देशभक्त बल्लभगढ़ रियासत के राजा नाहर सिंह थे। राजा नाहर सिंह की वीरता, रणकौशलता और वतनपरस्ती ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। जिनकी वजह से दिल्ली 134 दिन तक अंग्रेजी हुकूमत से आजाद रही थी। सन 1857 की महान क्रांति में बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह अग्रणी क्रांतिकारियों में थे, जिन्होंने बहादुरशाह जफर को दिल्ली का शासक स्थापित करने तथा राजधानी की सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगा दी थी। राजा नाहर सिंह को 9 जनवरी 1858 को लालकिले के सामने चांदनी चौक में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध विद्रोह के आरोप में फांसी पर लटकाया गया था। उनके साथ उनके विश्वस्त साथियों गुलाब सिंह सैनी और भूरा सिंह को भी फांसी दी गई थी। नाहर सिंह का विवाह 16 वर्ष की आयु में कपूरथला घराने की राजकुमारी किशन कौर से हुआ था। 18 वर्ष की आयु में 20 जनवरी 1839 को बसंत पंचमी के दिन इनका राज्यारोहण हुआ। मात्र 36 वर्ष की आयु में 9 जनवरी 1858 को फांसी के बाद उनका मृतक शरीर भी अंग्रेजी शासन ने उनके परिजनों को नहीं दिया। अंग्रेजों को भय था कि कहीं उनके मृत शरीर को देखकर रियासत के लोग भड़ककर शोला न बन जाएं और अंग्रेजों पर कहर बनकर न टूटें। नाहर सिंह का जन्म गोगा जी की पूजा के बाद हुआ था। इसलिए प्रजा उन्हें गोगा जी का अवतार मानती थी। मंगल पांडे के गोली चलाने के बाद तिथि पूर्व ही क्रांति शुरू हो गई थी। नाहर सिंह का राज्य क्रांतिकारियों व अंग्रेजों से बचने के लिए शरण का गढ़ बन गया था। नाहर सिंह की बेटी की शादी 17 मई को फिक्स की गई थी। लेकिन इस हालात में या तो शादी हो सकती थी या क्रांति। इसलिए उन्होंने ऐसे माहौल में इस प्रोग्राम को भव्य न बनाकर, उन्होंने राजकुमार की सोने की तलवार मंगवाकर उससे राजकुमारी की शादी की रस्म को पूरा किया था।

राजा नाहर सिंह के 166 वें बलिदान दिवस 9 जनवरी मंगलवार को दशहरा मैदान में श्रद्धांजलि समारोह आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इनैलो के विधायक अभय सिंह चौटाला मुख्य अतिथि होंगे। राजा नाहर सिंह सोसायटी के महासचिव व समारोह के आयोजक सुनील तेवतिया ने बताया कि बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह में फरीदाबाद व पलवल जिले के काफी लोग श्रद्धासुमन अर्पित करने आएंगे।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़, 8 जनवरी। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने जिला रोहतक में दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के विद्यार्थियों से विशेष संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चय के साथ एकाग्रचित होकर कड़ी मेहनत कर इस लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने छात्रों को भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों में निहित नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे खुद को समाज के लिए उपयोगी बना सकें।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में छात्रों के सवालों के जवाब दिए। सवालों के जवाब में राज्यपाल ने छात्रों को जीवन में सार्वजनिक सेवा लक्ष्य निर्धारित करने और एकाग्रचित्त होकर उनका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी विनम्र, समर्पित और निस्वार्थ सेवा ने उन्हें देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचाया। राज्यपाल ने नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवाचार, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को बढ़ावा देने में विश्वविद्यालयों की भूमिका बहुआयामी और अपरिहार्य है। उन्होंने हरियाणा में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को बड़े स्तर पर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति गजेंद्र चौहान, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

एसीबी के इंस्पेक्टर सोमेश तथा डीएसपी के रीडर ईएचसी अशोक कुमार को 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गया गिरफ्तार

भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी किसी भी विभाग का क्यों ना हो , कार्रवाई किया जाना तय– महानिदेशक एसीबी

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़, 8 जनवरी। हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में आज एसीबी के दो कर्मचारियों नामत: इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार को अम्बाला से 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इस बड़ी कार्रवाई से एसीबी ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचारी चाहे कहीं भी किसी भी रूप में क्यों न छिपा हो, एक दिन पकड़ा जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत प्राप्त हुई थी कि एंटी करप्शन ब्यूरो के दो कर्मचारियों द्वारा शिकायत को फाइल करने की एवज में 100000 की रिश्वत की मांग की गई है। मामले की पड़ताल करने पर पाया गया कि एसीबी के अंबाला में कार्यरत इंस्पेक्टर सोमेश तथा ईएचसी अशोक कुमार द्वारा फर्जी शिकायत ली गई थी जोकि अधिकृत नहीं थी और इस शिकायत को फाइल करवाने की एवज में शिकायतकर्ता से 100000 की रिश्वत की मांग की गई है। सभी तथ्यों की बारीकी से जांच पड़ताल करने के उपरांत दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने योजना बनाई । इसके बाद दोनों आरोपियों को हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 100000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्यवाही गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए की गई। इस मामले में हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के अंबाला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक सबूत जुटाते हुए मामले की जांच की जा रही है।

इस बड़ी कार्रवाई से एसीबी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी किसी भी विभाग का क्यों ना हो, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही किया जाना तय है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ दोषियो के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए वचनबद्ध है और आगे भी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर – 1800–180–2022 तथा 1064 पर देना सुनिश्चित करें।

बिलकिस बानो केस- एससी ने समय से पहले रिहाई का फैसला पलटा, दोषियों को वापस जाना होगा जेल

'कर्मों का फल, कोर्ट को किया गुमराह' बिलकिस बानो के 11 दोषियों को 2 हफ्ते में करना होगा सरेंडर

सिटी 24 न्यूज

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार का माफी आदेश खारिज कर दिया और कहा कि छूट पर फैसला महाराष्ट्र सरकार को लेना था, गुजरात सक्षम राज्य नहीं. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिना सोचे समझे दोषियों की सजा माफ करने के लिए गुजरात सरकार को फटकार लगाई. सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही दोषियों की सजा माफी पर दूसरी बेंच के 13 मई, 2022 के आदेश पर कहा कि यह 'अदालत को गुमराह' करके हासिल किया गया.

दिल्ली सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप और उनके परिवार के 7 लोगों की हत्या के मामले में दोषियों को सजा से मिली छूट के फैसले को रद्द कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के सभी 11 दोषियों को 2 हफ्ते के अंदर वापस जेल में आत्मसमर्पण करने को कहा.

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्न और जस्टिस उज्ज्वल भूइयां की दो सदस्यीय बेंच ने सजा में छूट को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं को सुनवाई योग्य करार देते हुए कहा कि गुजरात सरकार सजा में छ्रट का आदेश देने के लिए उचित सरकार नहीं है. कोर्ट ने इसके साथ ही कहा, 'क़ानून का शासन कायम रहना चाहिए.'

'कर्मों का फल भोगना भी नियति'

इस दौरान जस्टिस नागरत्न ने ब्रिटिश जज के बौद्ध और ईसाई से जुड़े एक फैसले का हवाला दिया कि करुणा आवश्यक है लेकिन कर्मों का फल भोगना भी नियति है. उन्होंने कहा, 'हम जनहित याचिकाओं के सुनवाई योग्य होने के मामले को खुला रखते हैं.' बता दें कि इस घटना के वक्त 21 साल की बिनकिस बानो पांच महीने की प्रेग्नेंट थीं. गोधरा ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना के बाद भड़के दंगों के दौरान उनके साथ गैंगरेप किया गया था. दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी. गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिना सोचे समझे दोषियों की सजा माफ करने के लिए गुजरात सरकार को फटकार लगाई. सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही दोषियों की सजा माफी पर दूसरी बेंच के 13 मई, 2022 के आदेश पर कहा कि यह 'अदालत को गुमराह' करके हासिल किया गया. इस फैसले में गुजरात सरकार को उचित सरकार बताया गया था. इसके साथ ही कहा गया था कि 1992 की नीति पर विचार करे.

श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन के लिए मुंबई पहुंचे नायब सैनी

मोदी नेतृत्व में हो रहा है कुशल भारत का निर्माण: नायब सैनी

हरियाण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुंबई बैठक में हुए शामिल

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। कुरूक्षेत्र से सांसद एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सोमवार को मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरे की बैठक में शामिल हुए। अध्ययन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत संबंधित विषयों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को दूर करना, व्यवसायिक और तकनीकी ढांचे का निर्माण करना, कौशल उन्नयन, नए कौशल और नवीन सोच का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों से कुशल भारत की प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना को साकार करना है।

श्री सैनी ने बताया कि भारत में लगभग 65 प्रतिशत युवा कामकाजी आयु वर्ग के हैं। कौशल विकास ही एक मात्र ऐसा तरीका है जिससे हम जनसांख्यिकीय लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कौशक और ज्ञान आर्थिक विकास की प्रेरक शक्तियां हैं। श्री सैनी ने कहा कि इस बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर अधिक जोर दिया गया है।

मुंबई में श्रम आयोजित वस्त्र और कौशल विकास पर स्थाई समिति के अध्ययन दौरा के दौरान यह जाना गया है कि किस तरीके से अपने युवाओं को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जा जाए। मुंबई में हुई इस बैठक में देशभर के अनेक नेता उपस्थित रहे।

श्री राम अयोध्या अक्षत यात्रा का कौंडल गांव में जोरदार स्वागत महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। श्री राम अयोध्या अक्षत निमंत्रण यात्रा का गांव कौंडल के प्राचीन स्वामी दयाल बाबा मंदिर पर पहुंची, जहां धाम के महंत कृष्णा दास और ग्रामीणों ने यात्रा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर गांव की महिलाओं व पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।श्री राम अयोध्या अक्षत निमंत्रण यात्रा रविवार को कौंडल गांव के प्राचीन स्वामी दयाल बाबा मंदिर पर पहुंची, जहां धाम के महंत कृष्णा दास और ग्रामीणों ने यात्रा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया ।इस मौके पर भव्य कलश यात्रा भी निकल गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। करीब आधा किलोमीटर तक की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर महामंडलेश्वर कृष्णा दास ने कहा कि 22 जनवरी का दिन 500 वर्षों के बाद आया है। यह दिन हिंदुओं के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उस दिन पूरे देश में दीपावली जैसा पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि 22 जनवरी को दिनभर गांव के सभी मंदिरों में पूजा पाठ तथा हवन किया जाएगा तथा रात को दीपक उत्सव मनाया जाएगा।

बजरंग दल व राम सेना के जिला अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि तुष्टिकरनण की राजनीति के चलते रामलला को कई वर्षों तक टैंट में रहना पड़ा। अब वह दिन आ चुका है जब भगवान रामलला 500 वर्ष बाद नवनिर्मित मंदिर मे विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के साथ पूरे क्षेत्र में भी उत्सव का महौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों की आस्था पूरी हो रही है। गांव कौंडल के पूर्व सरपंच संदीप तेवतिया ने कहा कि 22 जनवरी को गांव के हर घर में दीपक जलाने सहित अन्य भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों के साथ-साथ युवाओं में भी भारी उत्साह है। लोगों में कितना उत्साह है इस बात का प्रमाण आज की शोभा यात्रा में देखने को मिलता है। नरेश चौधरी ने कहा कि आज से घर-घर में अक्षत निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होंगे। रावण का वध करने के बाद जब भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे थे तो देशभर में दीपक जलाकर खुशियां मनाई गई थी।गांव की लड़की महिमा शर्मा ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को तो देश ही नहीं विदेशों में भी दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण प्राप्त हुआ है, यह उनके लिए यह गौरव का पल है। इस मौके पर जयबीर तेवतिया, नेपाल सिंह, कुक्कू तेवतिया, हरदयाल, दहीराम, विक्रम सिंह, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

ट्रक ने स्कोर्पियों गाड़ी को मारी टक्कर स्कॉर्पियो गाड़ी चालक की मौत

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पलवल में नूंह रोड़ स्थित गांव लालवा के समीप ट्रक की टक्कर से स्कॉर्पियो कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस ट्रक चालक की पहचान नहीं कर पाई है। जिला नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार गांव मडनाका निवासी जितेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार शाम को वह अपने स्कॉर्पियो कार से पलवल किसी काम से आ रहा था। गाड़ी में उसके साथ गांव निवासी मनोज सवार था, जबकि गाड़ी को उसका भाई अजीत चला रहा था। शाम को करीब छह गांव लालवा के समीप पीछे से आए चालक ने अपने ट्रक को लापरवाही से चलाते हुए उनकी गाड़ी में टक्कर

मार दी। टक्कर से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। चालक हादसे के बाद ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें राहगीरों ने जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसके भाई अजीत को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका व मनोज का उपचार चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ट्रक चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 302वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मनीराम अत्री बागोत ने की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 माह से जारी धरने को लेकर सरकार की ओर से कट बनाने का आश्वासन मिला लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कडाके की ठंड एवं धुंध-कोहरे के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। जबकि केंद्रीय सडक़एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से पचगांव में मंच के माध्यम से यहां पर कट देने की घोषणा की गई थी। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है।

उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। सूबेदार सुखबीर सिंह ने कहा कि ठंड के सितम के सामने ग्रामीण भले ही बिमार हो रहे हैं लेकिन उनके धरने का जोश कम नहीं हो रहा है। इस मौके पर रणधीर सिंह, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, लक्ष्मण सिंह, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज,वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार,दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

अत्यधिक ठंड से बढ रही ठिठुरन, 10 तक हो सकती बारिश, फसलों को होगा फायदा

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना सहित पूरे उत्तर भारत में पड़ रही कडाके की ठंड के चलते सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नागरिक अपने आप सहित दुधारू पशुओं को ठंड से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए खाने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है वहीं गर्म एवं ऊनी कपडों की मांग बढ रही है। घरों में दुबके ग्रामीण जरूरत होने पर ही ग्रामीण घरों से निकल रहे हैं। ठंड के चलते रोजमर्रा की जिंदगी भले ही ठहरी है लेकिन रबि फसलों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। सरसों एवं गेहूं की फसल पूरे शबाब पर है। माना जाता है पौष व माघ दो महिने गहन ठंड के होते हैं। इन महिनों में ठंड का प्रकोप बना रहता है। पिछले दस दिनों के अंतराल में रविवार को सूर्य दिखाई दिया था। सोमवार को बादलवाई होने से पुन: सूर्य नहीं निकल सका। कडाके की सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास करने पर मजबूर हैं। क्षेत्र में धुंध कम तथा ठंड अधिक के हालात बने हुए हैं। सोमवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 346 दर्ज किया गया जिसे वेरी पूअर माना गया है। कृषि विभाग के डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते 10 जनवरी तक बारिश होने से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। बढी हुई ठंड से फसलों को फायदा हुआ है। रबि फसल की बंपर पैदावार होने की संभावना है।

विधायक ने श्रीकृष्ण गोशाला कनीना की प्रबंध समिति को 10.12 लाख राशि का चेक

कहा-गायों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही सरकार

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। गाय में 33 करोड देवी-देवता निवास करते हैं। गायों की सेवा से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। ये विचार अटेली हलका विधायक सीताराम यादव ने सोमवार को कनीना स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गायों की देखरेख एवं चारे के लिए गौशाला समिति को 1012500 रूपये का चेक प्रदान करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार गायों के संरक्षण पर ध्यान दे रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार गावों का विकास शहरों की तर्ज पर कर रही है। जिससे गावों की सूरत में बदलाव दिखाई देने लगा है। अटेली के प्रत्येक गांव में विकास का पहिया घूम रहा है। लिंक रोड बनने से सभी गावों की कनेक्टिविटी सुविधा हुई है। बिजली-पानी तथा सीवरेज सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है। कनीना नगरपालिका क्षेत्र में सडक़ तंत्र को मजबूत करने कार्य जारी है। इस मौके पर गौशाला प्रधान के हुकुम सिंह, नपा के पूर्व प्रधान राजेंद्र लोढा, मुकेश नम्बरदार, कृष्ण सिंह ककराला, सूबेसिंह, सूबेदार सतपाल यादव, मनोज यादव, कंवर सिंह तंवर भोजावास, रतन सिंह सहित प्रबुधजन हाजिर थे।

धनौंदा में 4 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा में सोमवार से चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जनसेवा मंडल के प्रधान पवन बाछोदिया ने किया। ये प्रतियोगिता आगामी 11 जनवरी तक जारी रहेगी जिसमें दूर-दराज से आई टीमें हिस्सा लेगीं।

उन्होंने खिलाडिय़ों से कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले और खेल में होने वाली गलतियों से सबक लें। खेलों से समूह में कार्य करने की क्षमता का विास होता है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। धनौंदा में आयोजित 69वीं फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए उन्होंने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन ठाकुर रतन सिंह ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ.मुकेश, किशन पाल तोमर, भूपेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह नंबरदार, वीर सिंह, जिला पार्षद लीलाराम, सुनील कुमार, घनश्याम, प्रहलाद सिंह हाजिर थे।

पटवारी-कानूनगो की हडताल के चलते सप्ताहभर से कार्यालय के चक्कर लगा रहे नागरिक

हडताली कर्मचारियों ने सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। वेतन विसंगति में सुधार की मांग को लेकर पटवारी-कानूनगो द्वारा शुरू की गई हड़ताल सोमवार को सप्ताहभर बाद भी जारी रही। उनकी हड़ताल के चलते जरूरतमंद नागरिकों का कोई कार्य नहीं सका। कनीना में उनके कार्यालय सुने पड़े रहे। पटवार कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान राजसिंह चौहान ने कहा कि हड़ताल के चलते आगामी 10 जनवरी तक पटवारखाना में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े काम नहीं किए जायगें।

मागों को लेकर उनकी ओर से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बता दें कि हरियाणा में 32100 रूपये पे-ग्रेड की मांग को लेकर पटवारी-कानूनगो एसोसिएशन की ओर से 3 जनवरी से हडताल की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि बीते समय सरकार द्वारा ये वेतन निर्धारित किया गया था। जिसे लागू न करके सरकार उनके साथ वादा खिलाफी कर रही है। जिसके फलस्वरूप यूनियन धरना देने पर मजबूर हुई है। हड़ताल के चलते दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले ने 5 जनवरी से हड़ताल बढाकर 10 जनवरी तक बढा दिया गया है। पटवारी-कानूनगो इन दिनों में भूमि रिकॉर्ड से जुड़े कोई काम नहीं करेंगे। पे-अपग्रेड की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल के दौरान भूमि की पैमाइश, नकल,इंतकाल, भूमि रिकार्ड, फसल की वैरिफिकेशन नहीं किए जाएगें। पटवारियों की हडताल के चलते ग्रामीण उनके कार्यालयों के चक्कर लगाने पर मजबूर रहे।

अंत्योदय सरल केंद्र कनीना में जमीन सम्बंधी नकल चाहिए तो कागज लेकर जाईए

उपभोक्ता कागज व नकल का दोहरा आर्थिक नुकसान भुगतने पर मजबूर

एनआईसी द्वारा स्टेशनरी बिलों को मंजूरी न दिए जाने से उत्पन्न हुए हालात

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। एक ओर ठंड में पटवारियों की हड़ताल दूसरी ओर कनीना के अंत्योदय सरल केंद्र में पखवाड़ेभर से कागजों की कमी। जरूरतमदों को इस समय कई मोर्चों पर लडाई लडनी पड रही है। कनीना के अंत्योदय सरल केंद्र से कोई भी नागरिक जमींन सहित विभिन्न प्रकार की नकल या दस्तावेज लेने के लिए जाये तो कंप्यूटर-प्रिटंर में इस्तेमाल होने वाले कागज जरूर साथ लेकर जाएं। अन्यथा उनका कार्य लटक सकता है। जी हां, यहां पर कंप्यूटर ऑपरेटरों की करीब 8 टेबल लगी हुई हैं। जिन पर कागजों का अभाव बना हुआ है। बताया जाता है कि कार्यालय में काम करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों को एनआईसी जिला मुख्यालय की ओर स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाती है। दिलचस्प बात है कि स्टेशनरी के बिलों को मंजूरी नहीं मिलने के चलते कागजों की समस्या बनी हुई है। हालात ये हैं कि जो व्यक्ति किसी भू-लेख की नकल लेने जाता है तो उसे कंप्यूटर ऑपरेटर कागज लाने का फरमान करते हैं। उपमंडल प्रशासन की नजरों तले कागज उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों का कार्य किया जा रहा है। कागज नहीं लाने वाले उपभोक्ताओं को मायुस होकर लौटना पड रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कहा कि इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इस बारे में सरल केंद्र में जमींन की ऑनलाईन नकल लेने पंहुचे उपभोक्ता सुरेश कुमार, राकेश कुमार, दलीप कुमार, देवेंद्र सिंह, मोती कुमार, सुनील, रामकिशन ने बताया कि उनकी ओर से नकल की मांग की गई। जिस पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने कागज न होने की बात कही। बाजार से कागज उपलब्ध करवाने पर नकल मुहैया हो सकी। ऐसा करने से उन्हें कागज खरीदने तथा नकल फीस देने के चलते दोहरा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस बारे में जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता से दूरभाष पर संपर्क करना चाहा,उनके मोबाईल पर घंटी घनघनाती रही कोई रेस्पांस नहीं मिला। हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि मीडिया कर्मियों के माध्यम से उन्हें यह जानकारी मिली है। सरल केंद्र में कागजों-स्टेशनरी की समस्या को लेकर डीसी से रिपोर्ट ली जाएगी। जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की समस्या सामने नहीं आने दी जायेगी।

नूंह पुलिस ने हत्या के मामलें में पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को दबोचा

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह जिले के बिछौर थाना अंतर्गत गांव नीमका निवासी व हत्या के मामले में करीब पांच साल से गिरफ्तारी से बच रहे पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। जिसकी पहचान मोहम्मद पुत्र हबीब निवासी नीमका के रूप में हुई है, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार लिया है। वर्ष 2019 नवंबर में भूमि बंटवारे के विवाद को लेकर बिछोर थाना के गांव नीमका में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान नीमका निवासी अब्दुल्ला गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुन्हाना सीएचसी में पहुँचाया, फिर नूंह नलहड़ मेडिकल कालेज में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने अब्दुल्ला की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली अस्पताल में अब्दुल्ला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर आठ नामजद समेत एक अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामलें से सम्बंधित पूर्व में कुछ गिरफ्तारियां की गई लेकिन मुख्य आरोपी मोहम्मद अब तक अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा था। जिसे बीते रविवार को पुलिस ने एक ठिकाने से दबोच लिया। आरोपी को आज नियम अनुसार अदालत में पेश कर और अधिक गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ।

भोजावास विद्यालय में हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में सोमवार से सात दिवसीय एनएसएस शिवि का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य यादवेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान स्वयं सेवक विद्यालय प्रांगण की सफाई करगें वहीं गांव में प्रभात फेरी लगाकर ग्रामीणों को सामाजिक बुराईयों का त्याग करने के लिए जागरूक करेगें। उनकी ओर से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ, स्वच्छता, जल बचाओ आदि विषयों पर कार्य किया जाएगा। आगामी 14 जनवरी को शिविर का समापन किया जाएगा। इस मौके पर आशुसिंह, सुमेर सिंह, अभय सिंह, दयानंद, राजेश कुमार हाजिर थे।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ लेकर गंगवानी पहुंची पीएम मोदी की गारंटी वैन

पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के गांव गंगवानी में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को दिलाई हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। जिलाभर के गांवों में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के साथ सोमवार को पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के गांव गंगवानी में पहुंची। गांव में पहुंचने पर जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एवं जिप चेयरमैन जान मोहम्मद ने गांव गंगवानी में ग्रामीणों से संवाद में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। यात्रा बिना किसी भेदभाव के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में देश को ऐसी सरकार मिली है जो गारंटी के साथ अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है और लोगों की समस्याओं की समाधान भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत गांवों में हजारों लोगों ने योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है या फिर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। मोदी की गारंटी वाली ये गाडियां लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीब एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार इस कार्य को बखूबी कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से पात्र नागरिकों को लाभ देने के लिए ही योजनाओं की शुरूआत की जाती है। ऐसे में प्रत्येक पात्र व्यक्ति का हक है कि उसे योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं का लाभ देने के लिए लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई और पात्र लोगों को योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इस दौरान असंख्य ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया गया है। किसी का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया है तो किसी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाया गया है।

धरती कहे पुकार के नाटक का हुआ प्रदर्शन गांव में पहुंच रही यात्रा कार्यक्रम के दौरान धरती कहे पुकार के नाटक और माटी करे पुकार गीत का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, जिसे लोगों ने काफी रूचि लेकर देखा व सुना। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुति के दौरान गीत और नाटक में खेती को बेहतर करने के लिए अनुरोध किया गया है और बताया गया है कि मिट्टी की जांच कराएं, नीम व जांटी लगाए और रासायनिक खाद का कम से कम ईस्तेमाल करें। साथ ही पेड़ों की कटाई के कारण वातावरण को होने वाले नुकसान के बारे में भी लोगों को जागरूक करने की सार्थक कोशिश की गई है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक तक पहुंचाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभार्नवित किया जा रहा है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर द्वार पर ही मिल रहा है।

मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अनुभव सांझा कर रहे लाभार्थी

कार्यक्रमों के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात लोगों के साथ सांझा करते हुए बताया कि कैसे वे और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन में बदलाव ला रहे हैं। किसी को मौके पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनैक्शन, सिलेंडर, रेगूलेटर व पाइप आदि मुफ्त मिल रहे हैं तो बुढ़ापा पेंशन का प्रमाण पत्र पाकर कोई बुर्जुग सरकार की सराहना करते हुए नहीं धक रहा है। लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करवाने का मौका भी उनके गांव में ही मिल रहा है।

मरहूम चौ. तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी जमीला बेगम को श्रद्धांजलि (ख़िराज-ए-अकीदत) पेश करने पंहुचे प्रमुख लोग

सोमवार को भी भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नूँह निवास पर सामाजिक व प्रमुख लोगों का लगा रहा जमावड़ा

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। सोमवार को भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूँह निवास पर उनकी माता व पूर्व मंत्री व सांसद रहे मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्व: जमीला बेगम के निधन पर उन्हें ख़िराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश करने वालों का लगातार ताँता लगा रहा। सोमवार को प्रमुख रूप से फरीदाबाद से उद्योगपति अजय जुनेजा व उनकी धर्मपत्नी, सरदार जी एस मलिक, फिरोज खान अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग दिल्ली राज्य, सुरेश सोलंकी, बिल्लू सरपंच साढराणा, राजपाल प्रधान सब्जी मंडी गुड़गाँव, कृष्णपाल प्रधान गुड़गाँव, जगराम मान डीडीपीओ, टीकम सिंह सरपंच कालियाका, रामपत पार्षद तावडू, कृष्ण प्रधान रेवाड़ी, असलम खान गोरवाल अध्यक्ष दिल्ली स्टेट मेव सभा , विजय पाल भौंडसी, वीर पाल भौंडसी, जुनैद पार्षद रेवासन, हाजी शौकत हुसैनपुर, जाकिर हुसैन छापड़ा, खुर्शीद सरपंच बाबूपुर, वकील सरपंच टेरकपुर, खल्ली बीबीपुर, शौकत सरपंच सुल्तापुर, अल्ली प्रधान अड़बर, शमसु बीसरू, शौकत हुसैन घुड़चढी, अब्बास कोराली, रमजान कोटला, युनुस खान आकेड़ा आदि के अलावा सैंकडों प्रमुख लोगों ने पंहुचकर स्व: जमीला बेगम को ख़िराज-ए-अकीदत पेश की तथा चौधरी ज़ाकिर हुसैन से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

सरदार जी एस मलिक ने कहा कि इस दुख की घड़ी में मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी की संवेदनाएं पूरे परिवार के साथ हैं। वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। स्व: जमीला बेगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी थी व जनसेवा करने वाली महिला थीं। वो हमेशा परिवारों और लोगों को जोड़ने का काम करती थीं। उन्होंने कभी छोटे-बड़े में भेदभाव नहीं किया। उन्होंने 36 बिरादरी के लोगों को एक समान समझते हुए सबका मान-सम्मान किया। जमीला बेगम जैसी दयावान महिलाएँ सदियों में पैदा होती हैं। उन्होंने पूरी जिंदगी में जरूरतमंदों, बेसहाराओं व मजलूम लोगों की सेवा में गुजार दी। उनकी अच्छाईयों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से मेवात क्षेत्र ही नहीं बल्कि हरियाणा व राजस्थान को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मलिक ने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन के परिवार से उनके मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के समय से ही पारिवारिक रिश्ते हैं। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने भी अपने पिता मरहूम व अम्मी मरहूम से अच्छे संस्कार लिए हैं। आज वे मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलकर पूरे मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों की सेवा कर रहा है। चौधरी ज़ाकिर हुसैन आज भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। स्व: जमीला बेगम को ख़िराज-ए-अकीदत पेश करने वालों का चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नूँह निवास पर देश के कौने-कौने से लोगों का ताँता लगा हुआ है। भारी संख्या में लोग पंहुच रहे हैं।

अधिक ठंड पड़ने पर आवश्यक सावधानियां बरतें नागरिक : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

सर्दी के दौरान रात्रि में खुले स्थानों पर समय व्यतीत करने से करें परहेज

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में सामान्यत: दिसम्बर से जनवरी माह के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी शीतलहर का रूप ले लेती है। उपायुक्त ने ठंड के दौरान लोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सामान्य तापमान 10 डिग्री सेन्टीग्रेट से कम होने पर शीतलहर उत्पन्न होती है। जनसाधारण को चाहिए कि शीतलहर के समय जहां तक हो सके घर से बाहर आवश्यक कार्यों हेतु दिन में निकले। उपलब्ध गर्म व ऊनी कपडों को पहना जाना चाहिए। रात्रि के समय यदि बाहर कार्य करने की नौबत आये तो अपने पास अलाव तापने की व्यवस्था करनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि शीतलहर के समय ज्यादातर गर्म भोजन का सेवन करना चाहिए, गुड व तिल से बने पदार्थो का सेवन करने से ठंड का प्रतिरोध करने में आसानी रहती है । सबसे अहम बात शारीरिक श्रम की है, यदि व्यक्ति रोजाना शारीरिक श्रम व व्यायाम सुबह के वक्त करे और तेल की मालिश करे तो शीतलहर से बचाव करने में सहायता मिलती है। शीतलहर के कारण जिन व्यक्तियों के हाथों व पैरों की उगलियों में सूजन आ जाती है। उन्हें धूम्रपान नहीं करना चाहिए। शीतलहर से बचाव हेतु भ्रमणशील लोगों को रात्रि के समय रैन बसेरों, सार्वजनिक भवनों व धर्मशालाओं में समय व्यतीत करना चाहिए। खुले स्थानों पर रात्रि का समय व्यतीत करने में परहेज करना चाहिए।

जनसमूह ने सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव

नागरिकों को बिना देरी के पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ : एसडीएम

कहा, हर वर्ग के नागरिक ले रहे हैं विकसित भारत संकल्प शपथ

विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव बडौजी और जौरासी में हुआ स्वागत

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग जहां एक तरफ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जा रहे स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ले रहे हैं। परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चैक और उज्ज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ उठा रहे हैं। खंड नूंह के गांव बडौजी में एसडीएम अश्वनी कुमार, खंड तावडू के गांव जौरासी में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम संजीव कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार व संजीव कुमार ने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना। नागरिकों को संबोधित करते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को हर दरवाजे तक पहुंचा रही है। यात्रा बिना किसी भेदभाव के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को ऐसी सरकार मिली है जो गारंटी के साथ अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है और लोगों की समस्याओं की समाधान भी किया जा रहा है। मुख्य अतिथि एसडीएम संजीव कुमार ने अधिकारियों के साथ स्टॉलों का अवलोकन किया। इसी प्रकार से कार्यक्रमों के दौरान अधिकारियों ने भी गणमान्य लोगों व ग्रामीणों को उनके द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा जरूरतमंद लोगों को बिना किसी देरी के पहुंचना चाहिए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों में मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी दी गई, वहीं नए पीपीपी में जरूरी संशोधन तथा बिजली निगम द्वारा नए मीटर लगवाने के बारे में बताया गया। खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन कार्ड व ऑनलाइन राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने ड्रोन की जानकारी दी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि में किसी भी प्रकार की दिक्कतों को दूर करने से संबंधित जानकारी दी गई। कल्याण विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, छात्रवृति योजना और विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली राशि के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रमों में अलग परिवार पहचान पत्र बनवाने व इसमें त्रुटि ठीक करवाने, राशन कार्ड, आधार कार्ड में नाम व जन्मतिथि की त्रुटियों को ठीक करवाने से संबंधित स्टॉलों पर सबसे अधिक भीड़ लगी रही। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जरूरतमंदों को लाभ देने के लिए उनके केवाईसी किए गए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

सलंबा में आफताब को समर्थन, चार दर्जन ने कई दलों को छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह विधानसभा के सलंबा गांव में कांग्रेस पार्टी के विधायक चौधरी आफताब अहमद को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली जब अलग अलग दलों के चार दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधायक आफताब अहमद को इंडरी, रिठौडा, बीबीपुर, नूंह, गांगोली, घासेडा आदि में भी हाल ही में सैकड़ों लोगों ने बीजेपी सहित अन्य दलों को छोडकर समर्थन दिया जिससे आगामी चुनावों में कांग्रेस लगातार मजबूत होती नजर आ रही है। इन लोगों ने थामा काँग्रेस का हाथ: हाजी कल्लू ठेकेदार की मौजूदगी में हाजी हारून, हाजी बुद्धू, रोशन, मौहम्मद आसिफ, सराज, राहिल खान, असगर हुसैन, इकबाल ठेकेदार, ईरशाद खान, सरपु, हसीन अहमद, वहीद खान, जुहुरद्दीन, जाहिद एडवोकेट, फारुख,अहमद, शेरू, नूर मोहम्मद, इमरान, शमशाद, रमजान, इर्मतियाज खान, इरफान खान, सलीम, परवेज, हामिद, साजिद, हक्मू, आरिफ खान, मकसूद, तालिब खान, सोयब, इलियास, जाहिद, सबीद, फरदीन, जासिद, नावेद, शाहरुख, सैफ, जफरू, जावेद आदि ने कांग्रेस का दामन थामा। काँग्रेस में शामिल होने वालों ने कहा काँग्रेस पार्टी ने पूर्व में विकास के अनेकों कार्य किए और सभी को साथ लेकर चले, स्थानीय विधायक आफताब अहमद की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है। उन्होंने राहुल गांधी, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उदय भान व कांग्रेस पार्टी में सभी के हित सुरक्षित होने की बात कही। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा सभी सम्मानित साथियों को भरपूर मान सम्मान दिया जाएगा। लोगों का लगातार काँग्रेस में आस्था जताना इस बात का सूचक है कि जनता मौजूदा सरकार की अंतिम विदाई करने को तैयार बैठी है। आफताब अहमद ने कहा कि हमें सभी को इलाके के भाईचारे को मजबूत रखकर फिरकापरस्त ताकतें से लड़ाई लडनी है और आज के समर्थन से साफ है कि हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर विकास चाहते हैं और भाजपा को नकार रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के नौ सालों में विकास हुआ था, जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, कई आईटीआई, कस्तूरबा गांधी विधालय, कई आरोही माडल स्कूल, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, मेवात कैनाल, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे, कई बिजली घर आदि बनाए गए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने कोई विकास कार्य नहीं किए। भाजपा विकास की नहीं बल्कि समाज को बांटने की सोचती है। नौ साल में मेवात को विकास कार्य नहीं बल्कि दंगो की आग में झोंका गया है, आपसी भाईचारे को तोड़ने की कोशिश हुई। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि दोबारा काँग्रेस सरकार बनने पर मेवात का विकास का पहिया तेज गति से घूमेगा। मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरु कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। इस दौरान पीसीसी सदस्य शरीफ, साजिद सरपंच सालंबा, हाजी नईम इकबाल, लियाकत सालाहेडी, हाजी हसन सतपुत्यका, हाजी साहब खान, डा हनीफ, फरकू, ताहिर हुसैन सहित काफी जिम्मेदार लोग शामिल रहे। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए लोगों के मान सम्मान का भरपूर ख्याल रखा जाएगा। जो लोग सहयोग व समर्थन कर रहे हैं उनके लिए वो हर वक्त सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरु कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। कांग्रेस सरकार बनने पर नौ साल से रुका हुआ विकास का पहिया फिर चालू किया जाएगा।

संपादकीय

लोकतंत्र का सवाल

पड़ोसी बांग्लादेश में रविवार को 12वें आम चुनाव हिंसा की घटनाओं और बहिष्कार की अपीलों के साये में संपन्न हुए। ये चुनाव इस बात का भी संकेत हैं कि किसी देश में लोकतंत्र के ढांचे के बने रहते हुए भी अगर लोकतांत्रिक चेतना कमजोर पड़ने लगे तो वहां चुनाव लोगों की नजर में सार्थकता खोने लगते हैं। इसका सबूत यह है कि इन चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। पहले चार घंटों में मात्र 18.5 फीसदी वोट दर्ज किए गए थे।

अंतरराष्ट्रीय प्रेक्षकों की मौजूदगी : हालांकि जहां तक इन चुनावों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का सवाल है तो उस पर नजर रखने के लिए 100 से ज्यादा विदेशी प्रेक्षक बांग्लादेश में मौजूद हैं, जिनमें 3 भारतीय भी हैं। इन प्रेक्षकों की रिपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय बिरादरी इंतजार करेगी, लेकिन देश के अंदर के माहौल की बात करें तो चुनावों के विरोध का भाव भले हो, इसके नतीजों को लेकर किसी तरह का सस्पेंस नहीं है।

विपक्ष नदारद : मतों की गिनती का काम सोमवार सुबह से शुरू होगा, लेकिन यह बात तय मानी जा रही है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर से सत्तारूढ़ होंगी। यह उनका कुल मिलाकर पांचवां और लगातार चौथा कार्यकाल होगा। परिणामों को लेकर इस तरह की निश्चितता की वजह यह है कि मुख्य विपक्षी पार्टी क्ष्हक्कइन चुनावों में हिस्सा ही नहीं ले रही। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार के आरोपों में घर में नजरबंद हैं और उनकी पार्टी क्ष्हक्कने इन चुनावों के बहिष्कार की अपील कर रखी है। चुनावों से पहले ही हजारों की संख्या में विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

कठिन चुनौतियां : वैसे, बांग्लादेश में लंबे समय से राजनीतिक स्थिरता रही है। शेख हसीना 2008 से लगातार सत्ता में हैं। उन्हें बांग्लादेश को आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिया जाता है। कुछ साल पहले तक बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री की बढ़त को एक मिसाल के तौर पर पेश किया जाता था। हालांकि 2022 के बाद से इसकी ग्रोथ पहले जैसी नहीं रही। अब चुनावों के बाद विपक्ष के असहयोग की संभावना को देखते हुए माना जा रहा है कि नई सरकार के लिए आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर इकॉनमी को फिर से पटरी पर लाना शायद आसान न हो।

आंतरिक मामला : भारत सरकार ने ठीक ही यह एकदम स्पष्ट कर रखा है कि चुनाव पूरी तरह से बांग्लादेश का आंतरिक मामला है। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार देखने में आया है। बांग्लादेश की जमीन से भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देने वाले तत्वों पर भी काफी हद तक लगाम लगाई गई है। चुनावों के बाद जो भी सरकार आएगी उसके साथ भारत अपने संबंधों को नई ऊंचाई देने का काम जारी रखेगा।

होडल क्षेत्र में लगातार पड़ रहा है कोहरा और बढ़ रही है ठंड

ठंड में लोग ले रहे हैं आग का सहारा

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। होडल क्षेत्र में इस सर्दी के मौसम में लागतार कोहरा पड़ रहा है। इतना ही नही कोहरे के साथ साथ लोगों को कपकपाने वाली ठंड भी लगातार पड़ रही है। लोग इस ठंड में आग का सहारा ले रहे हैं। कोहरे की वजह से वाहन सड़को पर रेंग रेंग कर चलते हुए नजर आए। लगातार बढ़ती ठंड और कोहरे की वजह से अब वाहन चलाने वाले लोगों को सड़कों पर सावधानी बरतनी पड़ेगी। जिला ट्रेफिक पुलिस ने वाहन चालकों को कोहरे मे पहले ही सावधानी बरतने की सलाह दी है और पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों को रिफलेक्टर लगाए जा रहे हैं।

होडल क्षेत्र में लगातार कोहरा पड़ रहा और कोहरे के साथ साथ ठंड का भी प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ठंड की वजह से तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। जहां एक और वाहन चालकों को कोहरे की वजह से परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं ठंड की वजह से लोग आग का सहारा ले रहे हैं। इस बारे में वाहन चालकों से बात की तो वाहन चालकों ने बताया की लगातार इस शर्दी के मौसम में कोहरा पड़ रहा है और इस कोहरे के साथ साथ ठंड भी बहुत जायदा पड़ रही है। लोगों ने बताया की जब वह घरों से बाहर निकलते हैं तो देखा जाता है की कोहरा पड़ रहा है । वाहन चालकों को सड़कों पर 10 फिट तक ही दिखाई दे रहा था और दिन भर कोहरा छाया रहता है। दिन के 12 बजे तक भी कोहरा कम नहीं हुआ कोहरे की वजह से लोगों को वाहनों को चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग अपने अपने वाहनों को बैक बत्ती और हेड लाइट को जलाकर और हॉर्न बजाकर चलाना पड़ रहा था । लेकिन उसके बाद भी लोगों को दुर्घटना का भय सता रहा था। इतना ही नही कोहरे की वजह से ट्रेनें भी काफी देरी से चल रही थी जिसकी वजह से लोग समय पर अपनी अपनी ड्यूटियों पर नही पहुंच पाए । कोहरे की वजह से लगता है की इस सर्दी के मौशम में लगातार पड़ रहे कोहरे में लोगों को सावधानी बरतनी पड़ेगी। पड़ना क्यों की यह कोहरा लागतार पड रहा है और आगे भी कोहरा पड़ने की उम्मीद है। वाहन चालकों को वाहनों को सावधानी से सड़को पर चलाना होगा।

पलवल रेलवे फ्लाईओवर पर चल रहे कार्य का निरीक्षण कृष्ण पाल गुर्जर और विधायक दीपक मंगला ने किया

दोनो ने रेलवे फ्लाईओवर पर कार्य कर रही कंपनी को काम को जल्द पूरा करने के आदेश दिए

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पलवल निर्माणाधीन रसूलपुर रेलवे फ्लाईओवर का केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल विधायक दीपक मंगला के साथ निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा ठेकेदार को आगामी 24 जनवरी से पहले निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैसलात से लगते 40 गांव से अधिक गांव के लोगों के लिए नासूर बना निर्माणाधीन रसूलपुर रेलवे फ्लाईओवर से जल्द ही अब लोगों को निजात मिलने वाली है और यह जल्द ही अब जनता को समर्पित होने वाला है। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसका आज केंद्रीयराज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल विधायक दीपक मंगला के साथ निरीक्षण किया और ठेकेदार को 24 जनवरी से पहले निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और पलवल विधायक दीपक मंगला ने कहा कि बहुत जल्द ही निर्माणाधीन रसूलपुर रेलवे फ्लावर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 24 जनवरी तक पूरा हो जाएगा। जिसके बाद यह फ्लाईओवर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस फ्लाईओवर के बनने से बैसलात के साथ लगते 40 गांव से अधिक लोगों को लाभ होगा और उनका आवागमन सुगम होगा। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्ष 2018 के अक्टूबर माह में 45 करोड़

की लागत से शुरू किया गया था। 18 माह में इस फ्लाईओवर को बनकर तैयार हो जाना था। लेकिन कोरोना काल के चलते व अन्य समस्याओं के चलते इस फ्लाईओवर की डेडलाइन कई बार मिस हुई थी। इस अधूरे फ्लाईओवर के कारण आसपास के निवासियों का जीना दूभर हो गया था। लोगो को पलवल से आवागमन के लिए दूसरे वैकलपिक रास्तों का सहारा लेना पड़ता था। उन्हें पलवल आवागमन के लिए कई किलोमीटर के चक्कर लगाने पड़ रहे थे और यह रास्ते जर्जर स्थिति में हैं। लेकिन अब 24 जनवरी तक यह फ्लाईओवर बनकर तैयार हो जाएगा। जिसके बनने से बैसलात से लगते 40 से अधिक गांवो को लाभ होगा। इस फ्लाईओवर के बन जाने से हसनपुर, बडौली, रसूलपुर, लोहागढ़, रौनीजा, छज्जूनगर, होशंगाबाद, अच्छेजा, कुशक, बाडका, खटका, अमरौली, सुलतापुर, रहीमपुर, लुलवाड़ी, भवाना, टप्पा, बिलोचपुर, सतुआ गढ़ी, माहौली, बाता, कमरावली, करीमपुर, मीसा समेत दर्जनों गांवों और कालोनियों के निवासियों को काफी फायदा होगा।

आयोग का मकसद लोगों को न्याय दिलाना, सेवा सुरक्षा व सहयोग के नारे के साथ किया जा रहा है यह कार्य पूर्ण : चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला

आयोग के समक्ष आए हुए कुल 39 मामलों की हुई सुनवाई, 20 मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही किया निपटान

शेष मामलों पर तीव्रता से कार्यवाही करे पुलिस, प्रत्येक पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा राशि का वितरण करे विभाग दिए निर्देश

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला की अध्यक्षता में सोमवार को लोक निर्माण विभाग पलवल के विश्राम गृह में आयोग के समक्ष रखे गए मामलों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर उनके साथ वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बडगुर्जर, सदस्य मीना नरवाल, रतनलाल बामनिया, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला, एडिशनल एसपी जसलीन कौर, एसडीएम लक्ष्मी नारायण, एसडीएम रणवीर सिंह, नगराधीश द्विजा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला ने आयोग के समक्ष रखे गए 39 मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर सुनवाई की। उन्होंने 20 मामलों को मौके पर ही आपसी सहमति से निपटारा किया। कुछ मामले रद्द भी किए गए है।

उन्होंने बताया कि कुछ मामलों को सुनवाई के लिए दोनो पक्षों को आयोग मुख्यालय पंचकुला बुलाया गया है। उन्होंने सभी 39 केसों की क्रमवाइज ध्यानपूर्वक सुनवाई कर दोनो पक्षों की बात सुनी तथा दोनो पक्षो की आपसी सहमति से सुलह करवाकर ही केसों को डिस्पोज ऑफ किया गया। अन्य शेष केसों की जांच करने व अपराधियों को जल्द से जल्द पकडने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोग की ओर से पीडितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि का भी फीडबैक लिया तथा कल्याण विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा

राशि का वितरण करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग में आए अन्य आमजन की दर्जनों शिकायतों को भी सुना और उनके निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला ने कहा कि आयोग का मकसद लोगों को न्याय दिलाना है और वह इस कार्य को सेवा सुरक्षा व सहयोग के नारे के साथ पूर्ण करने में लगा हुआ है। आयोग में आने वाले सभी केसों को गंभीरता पूर्वक सुना जाता है। किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, इसके लिए आयोग की ओर से पूरे सार्थक प्रयास किए जाते है। समाज में सामाजिक समरसता बनाने की दिशा में आयोग कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी से मिलजुल कर आपसी भाई-चारे व प्रेमपूर्वक रहने की अपील की।

बैठक में नगराधीश द्विजा ने चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला सहित अन्य गणमान्यों को स्वागत व धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जो केस अभी लंबित हैं उन पर तीव्रता से कार्यवाही की जाएगी और मुआवजा राशि के वितरण के मामलों का शीघ्र भुगतान करवाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

जिला पलवल का लिंगानुपात प्रदेश में सबसे अधिक, 1000 लड़कों के पीछे हैं 946 लड़कियां

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे भवनों को निर्माण कार्य जल्द किए जाएं पूर्ण

जिला परिषद विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में जिला परिषद विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पलवल जिला में लिंगानुपात संतुलन करने में बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत जिला में 1000 लडक्रों के पीछे प्रदेश में सबसे ज्यादा 946 लड़कियों की संख्या हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में गंभीरता से कार्य करें तथा सभी योजनाओं को लक्ष्य व तय समय अवधि अनुसार पूरा करवाएं, ताकि जनता को इसका पूरा फायदा मिल सके। उन्होंने रसूलपुर मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य का 24 जनवरी तक तथा बामनीखेडा

आरओबी को 10 फरवरी तक पूरा करें। उन्होंने कहा कि रैनीवेल योजना के तहत 84 गांवों से संबंधित पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य पूरे हो चुके हैं और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। पीएम आवास योजना शहरी के तहत 310 परिवारों को लाभ दिया जा चुका है तथा 222 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि स्वनिधि योजना के तहत 2 हजार 480 कार्य पूरे हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत डोर टू डोर कूडा उठाने का काम किया जा रहा है तथा पिछली बैठक में चिन्हित किए गए स्थानों को पूर्ण रूप से साफ करवा दिया गया है। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग की ओर से संचालित 203 आंगनवाडी केंद्रों के भवन तैयार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान व चिरायु योजना के तहत जिला में अब तक करीब 4 लाख 38 हजार लोगों ने निशुल्क इलाज का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत सभी पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को इस योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में अब तक 49 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिला है तथा फसल के नुकसान पर मुआवजा राशि मिली है। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी क्षेत्र पलवल, होडल व हथीन क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के कार्य को पूरा करवाया जाए। गांव रामगढ़ में खेल स्टेडियम व हसनपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। अत: पीडब्ल्यूडी विभाग इन कार्यों को जल्द पूरा करें। इसी प्रकार गांव घुघेरा में बनाए जा रहे जिला स्तरीय खेल स्टेडियम का कार्य भी जल्द पूरा कर जनता को समर्पित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत जिन गांवों सडक़ें बनाई गई हैं, उन सडकों के दोनो ओर आबादी क्षेत्र में पानी निकासी के लिए नालियां अवश्य बनाई जाएं। जिन गांवों व क्षेत्रों में बिजली की समस्या है वहां तुरंत समाधान किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर जिला की सीमा में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पांच अलग-अलग स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनमें गदपुरी, पृथला, डीसी निवास, बामनीखेडा तथा करमन बॉर्डर शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने जिला रैडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों से डिस्बेली असिस्मेंट की जानकारी लेते हुए कहा आगामी 04 फरवरी को जिला में शिविर लगाकर मोटरट्राईसाइकल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जिला परिषद की ओर से मनरेगा स्कीम, डी प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों, नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग, पबलिक हैल्थ, कृषि, कल्याण विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, मार्किटिंग बोर्ड, मार्किट कमेटी सहित अन्य विभागों व निगमों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर उनका विवरण शीघ्र अति शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

दिशा की बैठक में उपायुक्त नेहा सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करवाया जाएगा। डिप्टी सीईओ जिला परिषद प्रदीप कुमार ने बैठक में क्रमवार पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से विभागानुसार किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में विधायक दीपक मंगला, विधायक जगदीश नायर, विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल, मनोज रावत, मुकेश सिंगला, ब्लॉक पंचायत समिति चेयरमेन भगत सिंह घुघेरा, एसडीएम रणवीर सिंह, एसडीएम लक्ष्मी नारायण, डीडीपीओ उपमा अरोडा, कृषि उपनिदेशक डा. बाबूलाल, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डा. चंद्रभान सोनी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डी.पी. कुलश्रेष्ठ, सीएमओ डा. नरेश गर्ग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता जोगिंद्र हुड्डा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव, नगर परिषद पलवल के कार्यकारी अधिकारी सुनिल कुमार सहित पबलिक हैल्थ, सिंचाई विभाग, मार्किटिंग बोर्ड, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग, नगर परिषद के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

पुलिस ने एक सट्टाखाईवाल को किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। बहीन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गहलब गांव से एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सरेआम सट्टाखाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से 1530 रूपए की सट्टा राशि और सट्टा पर्चा बरामद कर गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बहीन थाना में तैनात हेड कांस्टेबल चरण सिंह पुलिस टीम के साथ बराए क्राइम गस्त पड़ताल गहलब गांव में मौजूद था कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गहलब निवासी चुन्नी सरकारी स्कूल के पास चौक पर सट्टा खाईवाली कर रहा है। यदि फौरन रेड की जाए तो वह पकड़ में आ सकता है। जिस सूचना पर हेड कांस्टेबल चरण सिंह कांस्टेबल संजय जोकि सिविल ड्रेस में था उसे फर्जी सट्टेबाज बनाकर सट्टा लगाने के लिए उसके पास भेजा। सिविल ड्रेस में कांस्टेबल संजय ने सट्टाखाईवाल के पास जाकर सट्टा लगाया सट्टा पर्ची लेकर दूर खडी पुलिस पार्टी को गुप्त इशारा कर दिया। इशारा मिलते ही पुलिस टीम ने सट्टाखाईवाल को मौका से काबू कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 1530 रूपए की सट्टा राशि व सट्टा पर्चा बरामद हुआ। जिन्हें पुलिस कब्जा में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

गौरक्षकों ने वध को ले जा रहे सांड को कराया मुक्त, दो गोतस्कर व वाहन काबू

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। गौकशी के लिए एक सांड को वाहन में तस्करी कर ले जा रहे दो गौतस्करों का गौरक्षकों ने पीछा कर पकड़ने में कामयाबी हासिल की है तथा गौकशी के लिए ले जाए जा रहे सांड को सकुशल मुक्त कराकर बहीन स्थित गौशाला पहुंचवाया व दोनों गौतस्करों को काबू कर वाहन सहित पुलिस के हवाले कर उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार बहीन निवासी गौसेवा रक्षक दल के सदस्य वीर सिंह अपने साथियों के साथ नांगलजाट गांव के बस अड्डा पर मौजूद था कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सेवली से बहीन रोड पर दो व्यक्ति छोटा हाथी गाड़ी में एक सांड को गौकशी के लिए ले जा रहे हैं। जिस सूचना मिलने पर वे अपने साथियों के साथ बहीन गांव के बस अड्डा पर खड़े होकर उक्त वाहन का इंतजार करने लगे। कुछ ही समय पश्चात उक्त वाहन सेवली की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे उन्होंने रूकने का इशारा किया तो वाहन चालक गाडी को तेज गति से चलता हुआ भागने लगा। जिसका पीछा कर चालक व उसके साथी को काबू कर लिया और वाहन की तलाशी ली गई तो उसके अंदर एक काले रंग का सांड जिसके मुंह व चारों पैरों को क्रूरतापूर्वक रस्सी बांधे हुए थे बरामद हुआ। गौरक्षकों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाकर उन्हें पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने सांड को मुक्त कराकर बहीन स्थित दादा कान्हा गौशाला में सकुशल पहुंचाया । इस संदर्भ में गौरक्षक वीर सिंह ने दोनों गौतस्करों के खिलाफ लिखित रूप में शिकायत कर मामला दर्ज कराया है।

डिटेक्टिव स्टाफ ने 2 किलो 300 ग्राम गांजा सहित एक तस्कर किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला द्वारा पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी निर्देश को लेकर डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने एक तस्कर को 2 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी रामबीर सिंह ने बताया कि दिनांक 7 जनवरी 2024 को उनकी टीम में तैनात हेड कांस्टेबल इरफ़ान के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों की रोकथाम के लिए गांव सौंध मे नूह होडल पर मौजुद थे। जहां उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक युवक जो नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। जो आज भी बाबरी मोड़ होडल के नजदीक थैला मे गांजा बैच रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी और युवक को काबू किया। काबू किए गए युवक की नोडल अधिकारी डीएसपी सज्जन सिंह होडल के समक्ष नियमअनुसार तलाशी मे युवक से मिले थैला के अन्दर नशीला पदार्थ 2 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला । बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना होडल में मामला दर्ज किया गया। आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

प्रदेश स्तरीय स्वाभिमान सम्मेलन 10 मार्च को अम्बाला में

सोची समझी रणनीति के तहत वैश्य समाज से राजनैतिक नेतृत्व करने की शक्ति को छीना जा रहा है : बुवानीवाला

युवा इकाई का हुआ गठन, एडवोकेट नितेश अग्रवाल बने प्रदेश प्रवक्ता

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि वर्ष 2024 चुनावों का वर्ष है और इस वर्ष में लोकसभा व हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके दृष्टिगत वैश्य समाज को सचेत और संगठित होकर इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है और ज्यादा से ज्यादा टिकटें विभिन्न पार्टियों से हासिल करनी है। अग्रवाल समाज के हर व्यक्ति का निजी दायित्व बनता है कि जो भी वैश्य उम्मीदवार लोकसभा व विधानसभा चुनाव में उतरे, चाहे वह किसी भी पार्टी से हो उसका हर कदम पर साथ दे। बुवानीवाला यहां 10 मार्च को अग्रवाल वैश्य समाज के बैनर तले होने वाले स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित अग्रवाल वैश्य समाज की अम्बाला लोकसभा क्षेत्र की चौपाल में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में एक सोची समझी रणनीति के तहत धीरे धीरे वैश्य समाज से राजनैतिक नेतृत्व करने की शक्ति को छीन लिया गया है। एक षड्यन्त्र के तहत यह समझाया गया कि वैश्य समाज का काम सिर्फ चंदा देने तक सीमित है। दिमाग में यह बात डाल दी गई कि एक वैश्य व्यापारी के लिए रंगदारी देना या रिश्वत देना एक सामान्य बात है। समाज की जनसंख्या को छुपाया गया या कम करके दिखाया गया और धीरे धीरे समाज को राजनैतिक रूप से अपाहिज बना दिया गया। यह खेल कोई अभी शुरू नहीं हुआ बल्कि आजादी के समय से शुरू हुआ था और बदला है तो समय के साथ इस खेल के किरदारों के नाम बदले हैं। राजनैतिक रूप से कमज़ोर वैश्य समाज का प्रतिदिन शोषण होता रहा है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, विनोद सिंगला, प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला, संगठन मंत्री मुकेश बंसल, महिला प्रधान सुशीला सर्राफ़, लोकसभा अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, युवा व छात्र प्रभारी नवदीप बंसल, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश जिंदल, राकेश गुप्ता, अरूण गुप्ता, युवा अध्यक्ष रवि गर्ग, मुकेश बंसल, पंकज कसेरा, शुभम गोयल, अशोक अग्रवाल, तिलक राज अग्रवाल, दिपाशु बंसल, प्रदीप गोयल, हिमांशु गोयल, निशिकांत गर्ग, रितेश गुप्ता, अमृत गुप्ता, अनिल अग्रवाल, मोंटी गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि उनका संगठन अग्रवाल समाज की राजनीति में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए निरंतर प्रयासरत है। संगठन के इन प्रयासों का समाज को लाभ भी मिला है। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय है कि राजनीति के क्षेत्र में वैश्य समाज निरंतर पिछड़ता चला जा रहा है। चुनाव के समय अग्रवाल समाज को विभिन्न दल व पार्टियां संभाल लेती हैं लेकिन चुनाव चले जाने के बाद उनको हाशिए पर रख दिया जाता है। वैश्य समाज के राजनीति में गिरते ग्राफ को संभालने की नितांत आवश्यकता है। अग्रवाल वैश्य समाज इस ग्राफ को ऊंचा उठने के लिए गंभीरता के साथ प्रयास कर रहा है और कहीं ना कहीं संगठन इस कार्य में कामयाब भी हो रहा है। विगत विधानसभा, जिला परिषद, नगर पार्षद व ग्राम पंचायत के चुनावों में अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और काफी लोग जीतकर भी आए। उन्होंने वैश्य समाज के लोगों से आग्रह किया कि आप अपने-अपने सामर्थ्य से पूरा प्रयास करें कि लोकसभा 2024 चुनावों में वैश्य समाज के राजनेताओं को ज़्यादा से ज़्यादा लोकसभा सांसद के लिए टिकट मिले। प्रदेश में लोकसभा सीटों में हर राजनीतिक दल व पार्टी से टिकटों की मांग करेगा। बुवानीवाला ने कहा कि संगठन की ओर से हर पार्टी व दल को टिकटों में वैश्य समाज के लोगों को भागीदारी देने का पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने साफ किया कि जो दल वैश्यों की बात करेगा, समाज भी उसी का साथ देगा।

युवा इकाई का गठन किया

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा से युवा व छात्र इकाई के प्रभारी नवदीप बंसल ने रवि गर्ग वधवानियां को समाज की युवा इकाई का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया है। दीपांशु बंसल पिंजोर को कार्यकारी अध्यक्ष, हिमांशु गोयल जठलाना और वेदप्रकाश गर्ग कैथल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तरूण अग्रवाल साहा, पंकज कसेरा भिवानी, अनुज ऐरण हिसार, प्रशांत सिंगला पिल्लुखेड़ा को उपाध्यक्ष, अक्षत कसेरा सिरसा, रवि मोनू नारनौल को महासचिव, शुभम गोयल चरखी दादरी सचिव, एडवोकेट नीतेश अग्रवाल रेवाड़ी को प्रदेश प्रवक्ता और हिमांशु गोयल कैथल को आईटी सैल का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवदीप बंसल ने कहा कि इन नियुक्तियों से अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई और मजबूत होगी। नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग ने कहा कि प्रदेश भर के सक्रिय युवाओं को जोड कर संगठन को नया रूप तैयार करेगे। गर्ग ने का कि युवाओ को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी व नेतृत्वशील युवाओ की फोज तैयार करेंगे।

जीएमडी ट्रस्ट की समाज के लिए बड़ी पहल : 15 लाख की लागत से 15 बेड का हस्पताल खुलेगा

ओपीडी फ्री, दवा व टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट।

हस्पताल में जन्मी कन्या को 5 साल तक 2100 का प्रतिवर्ष मिलेगा कन्यादान।

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। गुरु महाराजा दक्ष प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट समाजहित की दिशा में किए जा रहे कार्यों की कड़ी में जल्द ही सेक्टर पांच में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 15 बैड का चैरिटेबल अस्पताल शुरु करेगा। इसके अलावा आने वाले छह माह के भीतर समाज के लिए ढाई हजार गज जमीन भी खरीदी जाएगी। जिसमें समाजहित के कार्य किए जाएंगे। वक्ताओं ने समाज के लोगों को गुमराह कर उनके हितों की अनदेखी करने वालों से सावधान रहने की अपील करते हुए एकजुट होने का भी आह्वान किया। नारनौल चौक स्थित सैंडपाइपर ट्यूरिस्ट कॉम्पलैक्स में आयोजित गुरु महाराजा दक्ष प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में समाज के लोगों की बैठक के दौरान ट्रस्ट प्रधान सुरेंद्र वर्मा रामपुरा तथा संस्थापक सदस्य डा. सुरेंद्र वर्मा ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। ट्रस्ट प्रधान ने सुरेंद्र रामपुरा ने कहा कि समाज के जरुरतमंद लोगों की मदद करने तथा समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए ही इस ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट का उद्देश्य किसी प्रकार का राजनीतिक लाभ नहीं अपितु समाज के लिए काम करना है।

संस्थापक सदस्य डा.सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि समाजोत्थान के उद्देश्य से ही करीब छह माह पहले ही ट्रस्ट का गठन किया गया था। ट्रस्ट की पूरी टीम संगठित होकर अनुशासनत्मक तरीके से अपने उद्देश्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले छह माह के दौरान जिले के अनेक स्थानों पर चार सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं। जिसमें काफी संख्या में युवतियां व महिलाएं सिलाई-कढाई सीखकर सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है। कोर्स पूरा होने के प्रशिक्षण लेने वाली सभी युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ एक सिलाई मशीन भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के कुछ लोग समाज के लोगों को लगातार गुमराह करते आ रहे हैं। यहां तक कि समाज को बेचने का काम भी किया गया। इसलिए ही इस ट्रस्ट के गठन की आवश्यकता पड़ी। ट्रस्ट का उद्देश्य बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य उपलब्ध कराना है। डा. सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि शहर के सेक्टर पांच में जल्द ही 15 लाख की लागत से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 15 बैड का चैरिटेबल अस्पताल शुरु किया जाएगा। जिसमें सभी समाज के गरीब एवं जरुरतमंद लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा अस्पताल में जन्म लेने वाली कन्या को पांच साल तक प्रतिवर्ष 2100 रुपये की राशि कन्यादान स्वरुप भी प्रदान की जाएगी साथ ही समाज के ।लिए जल्द ही ढाई हजार गज जमीन भी खरीद ली जाएगी। जिसमें समाजहित के अनेक कार्यों का संचालन किया जाएगा। डा. वर्मा ने कहा कि समाज के कुछ लोगों ने आज तक प्रजापति समाज के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करते हुए समाज को बेचने का कार्य किया है। कुछ लोगों का यह गुट समाज की बजाय अपने निजी हितों की स्वार्थ साधता आ रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि ऐसे स्वार्थी लोग जब आपके पास आए तो उनसे पुराना हिसाब मांगते हुए समाज के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी मांगने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो भी दल या पार्टी समाज को सहयोग प्रदान करेगी, उसी का समर्थन किया जाएगा। मंच का कुशल संचालन राजेश वर्मा ने किया।

इस मौके पर डा. सोनिया वर्मा, मातूराम, कोकी ठेकेदार, सेठी वर्मा, राकेश कुमार बीकानेर, जोनी कुमार, विनोद कुमार गोकलगढ़, कैलाश चंद्र, एडवोकेट पवन कुमार, महिला प्रधान एडवोकेट ऊषा देवी, रेखा देवी, नरेश कुमार, डा. शीशराम समेत काफी संख्या में समाजबंधू व महिलाएं मौजूद रही।

बच्चा बच्चा राम का, जन्मभूमि के काम का, जैन स्कूल में श्रीराम संगम कार्यक्रम का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान समिति रेवाड़ी द्वारा जैन बॉयज स्कूल में आयोजित श्री राम संगम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत संघचालक श्री प्रताप जी ने कहा कि राम अयोध्या में बालरूप में पुन: स्थापित होने जा रहे हैं, इसलिए 22 जनवरी को ऐसे उत्सव मनाएं जैसे अपने परिवार में किसी नव सदस्य का ग्रह प्रवेश है । हमें उसी भाव से उत्सव मनाना है । हमें 22 जनवरी को स्थानीय मन्दिर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित करना है। वर्तमान में पूरा भारत आनंदोत्सव में डूबा हुआ है। वर्तमान समाज सौभाग्य शाली है कि हमारे जीवन काल मे यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसके हम साक्षी बनेंगे। यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भारत की भारतीयता की प्राण प्रतिष्ठा है। अत: समाज के हर वर्ग को पूर्ण हर्षोल्लास और आनन्द के साथ यह उत्सव मनाना है और इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई वर्ग इस उत्सव में और इस उत्सव के बाद राममय पुनर्जागरण से अछूता ना रह जाए। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति रवि गुप्ता जी ने राम आंदोलन का संक्षिप्त विवरण देते हुए समाज से आग्रह किया कि इस अभियान में समाज के हर वर्ग को अपने साथ जोड़ते हुए , इस उत्सव को मनाना है। कार्यक्रम में 1990 व 1992 के कारसेवकों का भी सम्मान किया गया । कार्यक्रम में जैन साध्वी माताजी अहर्शी व सिख सन्त गुरु तलवंडी जी का लिखित सन्देश भी पढ़ा गया।

श्रीराम संगम के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में रेवाड़ी शहर की सभी जाती बिरादरी, धार्मिक , समाजिक व व्यापारिक संस्थाओं की भागीदारी रही। सभी संस्थाओं ने रेवाड़ी के बाजारों, चौराहों, झुग्गियां में 22 जनवरी को उत्सव मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने सभी अतिथियों को धन्यवाद अर्पित किया व कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान राम का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम संचालन प्रशांत गुप्ता ने किया। श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान समिति के रेवाड़ी नगर संयोजक नरेन्द्र जोशी ने अभियान की योजना बताते हुए सभी समाजों व संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बाजारों, मन्दिरों , चौराहों, झुग्गियों में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित करने में सहायता का आग्रह किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक रामावतार गौतम, हरियाणा प्रांत के सह प्रचार प्रमुख डॉ लक्ष्मीनारायण कौशिक, अजय मित्तल, डॉ पवन गोयल, राजेन्द्र सिंघल, रेवाड़ी जिला अभियान संयोजक राजकुमार जी, संजय डाटा , सीए जतिन सैनी, अनिल , राजेश, सुमित शर्मा, योग विचार मंच, ज्योतिषियन सभा, आर्य समाज, भारत विकास परिषद्, आर्ट ऑफ लिविंग, राधा स्वामी सत्संग व्यास, पंजाबी मार्किट एसोसिएशन, ठठेरा समाज, योग परिवार मंच, नाई सभा, जीवली बाजार प्रधान, दुर्गा मंदिर बारा हजारी, छठ पूजा समिति पूर्वांचल, महावर सभा, नीमा हॉप क्लब, श्रीश्याम बहादुर सेवा मंडल, गुरुद्वारा बारा हजारी, गुरुद्वारा रेलवे रोड, लायन्स क्लब, भाई कन्हैया सेवा दल, अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद्, इस्कॉन सेंटर, गणेश उत्सव सेवा समिति शिव कॉलोनी, स्वर्णकार समाज, माँ अन्नपूर्णा सेवा संस्थान, वनवासी कल्याण आश्रम, गोकल बाजार व्यापार संगठन, ब्रह्मकुमारी संस्थान, जैन एजुकेशन बोर्ड , श्री घँटेश्वर मन्दिर रामलीला कमेटी, रस्तोगी समाज, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रेवाड़ी, श्रीश्याम सेवा समिति रेवाड़ी, खंडेलवाल समाज रेवाड़ी, बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट, प्रजापति सभा, मोती चौक व्यापार एसोसिएशन, बंगाली समाज, रोटरी क्लब, जैन समाज, लावण्या फाउंडेशन, योग परिवार मंच, आरोग्य भारती, ब्राह्मण सभा रेवाड़ी, घँटेश्वर मन्दिर समिति, डेंटल एसोसिएशन, वीर भगतसिंह दल, रेवाड़ी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, केएलपी कॉलेज कमेटी, लघु उद्योग भर्ती, सेवा भारती, बजरंग दल, रेवाड़ी केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन, श्री शिव महापुराण युवा समिति बारा पत्थर आदि शामिल हुए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा घर बैठे लोगों को दे रही लाभ : डॉ अरविंद यादव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। विधानसभा क्षेत्र के गांव किशनगढ़ में डाक्टर अरविंद यादव चेयरमैन हरियाणा पर्यटन निगम ने आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भारत में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाना और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवम योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। अरविंद यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से रेवाड़ी जिला उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, जिला महामंत्री सतदेव यादव, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल छाबड़ी, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कृष्णा यादव, जिला पार्षद सरोज मेहरा, सरपंच ग्राम पंचायत किशनगढ़ कुशुमलता, पूर्व सरपंच जयभगवान, कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर संदीप खोला, सभी विभागों के अधिकारीगण एवम काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बावल को पुराना वैभव फिर से दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही मनोहर सरकार : डा. बनवारी लाल

सहकारिता मंत्री ने अलावलपुर में 1.10 करोड़ की लागत से किया व्यायामशाला व डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने सोमवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव अलावलपुर में बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की ओर से भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सहकारिता मंत्री ने गांव में 1 करोड़ 30 लाख की लागत से नवनिर्मित व्यायामशाला और डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को ग्रामवासियों सहित सुना। उन्होंने इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष और मकर संक्रांति की बधाई देते हुए बावल विधानसभा के उज्जवल भविष्य और सुख-शांति की कामना की। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने सहकारिता मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि बावल पूर्व की सरकारों के समय प्रदेश का एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता था। पिछली सरकारों ने बावल को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्तमान सरकार के समय में बावल क्षेत्र की गिनती प्रदेश के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में होती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में प्रदेश सहित बावल क्षेत्र के लिए नई-नई योजनाएं बनाकर इसका विकास किया जा रहा है। आज बावल क्षेत्र की गिनती औद्योगिक नगरी के रूप में होती है। सरकार द्वारा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जो सम्पूर्ण प्रदेश में जो कार्य किए जा रहे हैं वे हरियाणा प्रदेश सहित बावल की तस्वीर और तकदीर को बदलने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार बावल को उसका पुराना वैभव फिर से दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर एसडीएम बावल डा. जितेंद्र सिंह, गढ़ी बोलनी मंडल अध्यक्ष राजपाल ,बावल मंडल अध्यक्ष अमरजीत, सरपंच मनोज कुमार, तहसीलदार बावल सज्जन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद रहे।

22 जनवरी को अपने घरों में दीप जलाकर खुशियां मनाएं : एडवोकेट कुसुम लता

घर घर पीले अक्षत व राममंदिर पत्रक पहुंचाने जुटी महिलाएं

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। वार्ड नंबर 30 पार्षद एडवोकेट कुसुम लता ने कहा कि लगभग 500 वर्षों के बाद श्रीराम चन्द्र जी अपने भव्य मंदिर अयोध्या में विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच व सुप्रीम कोर्ट के फैसले ये संभव हो पाया है इसलिए हमें 22 जनवरी को घर घर दीप जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाना है। उन्होंने न केवल 30 वार्ड में आने वाले गुलाबी बाग, देव नगर, आदर्श नगर की महिलाओं बलिक स्वर्गाश्रम के चौकीदार व उसके परिवार को अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत व पत्रक वितरित किये। उनके साथ शिवचरण यादव, चंद्रभान शर्मा, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, परवीन यादव, सुमित, विमला, संतोष, शारदा, कमला देवी, बबली देवी, कुसुम, विंदू गुप्ता, सरोज मेहरा आदि रहे।

कंज्यूमर फोरम ने एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और दरबार ट्रेडर्स के खिलाफ दिया आदेश

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जिला उपभोक्ता फोरम ने एलजी कंपनी व दुकानदार को खरी खोटी सुनाते हुए ऐतिहासिक फैसला दिया है। एडवोकेट कैलाश चन्द ने बताया कि जिला रेवाड़ी निवासी मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय वेदप्रकाश ने दिनाक 11 फरवरी 2022 को दरबार ट्रेंड्स से एलजी कम्पनी की एक वाशिंग मशीन खरीदी, जो कि कुछ समय उपरांत खराब हो गई, जिसकी शिकायत करने पर कंपनी की तरफ से मैकेनिक आये परन्तु मशीन को ठीक नही कर पाए। ततपश्चात शिकायत कर्ता ने दिनाक 07 नवंबर 2022 को कंपनी ओर विक्रेता के खिलाफ कंज्यूमर कोर्ट में वाद दायर कर दिया। जिस पर कंज्यूमर कोर्ट ने दोनों तरफ की सुनवाई करने के बाद शिकायतकर्ता के पक्ष में आदेश देते हुए कहा कि विक्रेता व कम्पनी शिकायतकर्ता को 11हनर 163 रुपये मशीन की कीमत, 10 हजार कंपनसेशन 9प्रतिशत ब्याज सहित जब से केस डाला गया तब से लेकर देने होंगे। साथ ही 10 हजार रुपये वाद खर्च के अलग से देने होंगे। कंज्यूमर फोरम अध्यक्ष संजय खंडूजा ने अपने आदेश में ये भी कहा कि एक महीने में रकम चुकता न करने पर ब्याज 12 प्रतिशत लगेगा। मुन्नी देवी ने जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष का आभार जताया व कहा कि ऐसे न्यायधीशों के कारण न्याय अभी जिंदा है।

बिलकिस बानो केस पर कैप्टन ने मोदी सरकार को घेरा

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद इस मसले पर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा न्याय की हत्या की प्रवृतति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि अपराधियों का संरक्षक कौन है। बिलकिस बानो का अथक संघर्ष अहंकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत का प्रतीक है। श्री यादव ने कहा बिलकिस बानो मामले में जब गुजरात में नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे। उस समय उनकी सरकार ने इस मामले के दोषियों का साथ दिया था। बिलकिस बानो के साथ दुष्कर्म किया गया। उनकी बच्ची की निर्मम हत्या की गई। बिलकिस बानो ने अपनी इंसाफ की लड़ाई खुद लड़ी। उन्होंने कहा अंतत: न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी है। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा हुआ पर्दा हट गया है। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। बहादुरी के साथ अपनी लड़ाई को जारी रखने के लिए बिलकिस बानो को बधाई।

होडल हरियाणा यूपी करमन बॉर्डर पर 52 पालों की कथा को लेकर हुई चौबीसी पाल की पंचायत

पंचायत द्वारा इस कथा में हरियाणा के मुख्य मंत्री, यूपी के मुख्य मंत्री और राजस्थान के मुख्य मंत्री की भी निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया

इस कथा में जो भोजन बनाया जाएगा वह देसी घी में बनाया जाएगा : हर्ष कुमार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। होडल के गांव करमन 25 फरवरी को 52 पालों की कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गांव करमन निवासी दीपचंद उर्फ पप्पू द्वारा किया जा रहा है। दीपाचंद ने हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर पर रामदरवार मंदिर बनाया गया है और इस मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी । इस कथा को लेकर आज चौबीसी पाल के बुजुर्ग लोगों की पंचायत हुई और पंचायत में सभी गावों के लोगों की अलग अलग ड्यूटियां लगाई गई। यह बैठक पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार और 52 पालों के अध्यक्ष अरुण जेलदार की अध्यक्षता में हुई।

होडल के गांव करमन में आज चौबीसी पाल के लोगों की पंचायत का आयोजन किया गया। यह पंचायत 25 फरवरी को गांव करमन में होने वाली 52 पालों की कथा को लेकर की गई। यह पंचायत पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार और 52 पालों के अध्यक्ष अरुण जेलदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार कहा की गांव करमन मे 25 फरवरी के होने वाली इस 52 पालों की कथा को लेकर लोगों को भोजन ग्रहण कराने के लिए 18 वार्ड बनाए जाएंगे और चौबीसी पाल की तरफ से पंचायत में गावों के लोगों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। वहीं जजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंदर सौरोत ने बताया की 25 फरवरी को होने वाली 52 पालों की इस कथा का आयोजन गांव करमन निवासी दीपचंद उर्फ पप्पू द्वारा किया जा रहा । दीपचंद उर्फ पप्पू ने हरियाणा यू पी कर्मन बॉर्डर पर राम दरबार मंदिर बनाया गया है और मंदिर में राम, सीता , लक्ष्मण और हमुनान जी की मूर्तियां स्थापित की जाएगी और उनकी प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी । उन्होंने बताया कि इस कथा में 52 पालों के 36 बिरादरी के लोगों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए चौबीसी पाल के हर गांव के लोगों की ड्यूटी लगाई गई है कि वह 52 पालों के हर गांव में जाकर इस कथा का निमंत्रण दें और सभी से हाथ जोड़कर अपील करें कि वह सभी इस कथा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया की इस कथा में हरियाणा के मुख्य मंत्री और मंत्रियों को भी निमंत्रण दिए जाएंगे इसके साथ साथ यू पी और राजस्थान के भी मुख्य मंत्री और मंत्रियों को भी निमंत्रण दिए जाएंगे।

वही 52 पालों के अध्यक्ष चौधरी अरुण जेलदार ने बताया कि जो गांव करमन में दीपचंद उर्फ पप्पू द्वारा। कथा का आयोजन किया जा रहा है । यह एक बड़ी कथा है जिसमें चौबीसी पाल के हर व्यक्ति की अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई है और इस कथा में जो भोजन बनेगा वह देसी घी में बनाया जाएगा । उन्होंने बताया की आज इसी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है और हर गांव के व्यक्ति की ड्यूटी लगाई गई है सभी लोग 52 पालों में निमंत्रण देने के लिए पहुंचेंगे और 25 फरवरी को इस कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया की उनके द्वारा यहां पर राम मंदिर का निर्माण कराया गया है जिसके अंदर राम भगवान, सीता माता,लक्ष्मण भगवान के साथ साथ हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की जाएंगी।इसमें देश के कौने कौने से साधु संतों को भी निमंत्रण दिया जाएगा और वह भी इस कथा में पहुंचेंगे और इसके साथ साथ हरियाणा ,यू पी और राजस्थान के साथ साथ देहली के बड़े बड़े नेताओं को भी निमंत्रण दिए जाएंगे।

इस कथा के आयोजक दीपचंद उर्फ पप्पू ने बताया उन्होंने हरियाणा यू पी करमन बॉर्डर पर राम मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस मंदिर में 25 फरवरी को भगवान राम,माता सीता , लक्ष्मण भगवान और हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी और उनकी प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी । जिसके उपलक्ष में 52 पाल की कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया की इस कथा में जो प्रसाद बनेगा वह देसी घी में बनाया जाएगा । उन्होंने 52 पालों के सभी 36 बिरादरी के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करते हुए कहा की सभी 52 पालों के 36 बिरादरी के महिला ,पुरुषों से हाथ जोड़कर अपील करते हैं की सभी लोग इस कथा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए जरूर पहुंचे । जिसके लिए वह और उनका परिवार सभी का आभारी रहेगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में गांव बड़ौली में गर्भवती की मौत

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। चांदहट थाना इलाका स्थित गांव बडोली की एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत का कारण गांव के मेडिकल स्टोर खांसी होने पर दवा लेना बताया जा रहा है। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने स्टोर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पलवल के गांव डाडोता निवासी सुनील कुमार ने बताया कि गांव बडोली में उनकी रिश्तेदारी है। मृतक निशा का वह रिश्ते में फूफा लगता है। उसने बताया कि निशा आठ महा की गर्भवती थी और बीती रात को उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। तो उसने गांव के मेडिकल स्टोर से दवाई ले ली। दवा खाने के बाद उसकी ज्यादा तबीयत खराब हो गई। तो उसे अस्पताल के लिए ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसके मुंह से झाग आने लगे और उसकी रास्ते में ही ज्यादा तबीयत बिगड गई थी। जिस कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले में मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वही चांदहट थाना प्रभारी दलबीर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर जा रही है। मृतक महिला का जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। जो भी मामले में दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पलवल में लोकल ट्रेन भी कर दी बंद : करण सिंह दलाल

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। भाजपा द्वारा पलवल में मेट्रो का सपना तो दिखाया गया, जबकि जनता की सुविधा के लिए वर्षों से चल रही लोकल ट्रेनों को बंद कर दिया गया। व्यापारी खाली बैठे हैं। गरीबों पर बिजली के छापे लग रहे हैं। विधायक और सांसद आंखें मूंद कर बैठे हैं। इन शब्दों के साथ पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के कद्दावर नेता करण सिंह दलाल ने ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पर जमकर तंज कसे। पलवल की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। इस मौके पर पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने भाजपा पर जम कर भड़ास निकालते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है उन्होंने कहा ऑनलाइन के नाम पर रिश्वत देने वालों के काम कर दिए जाते हैं जबकि बाकियों को नेट ना चलने की बात कह कर सरकारी कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है उन्होंने कहा पलवल से दिल्ली की ओर हजारों की संख्या में लोग लोकल ट्रेनों में सफर करते थे जिन्हें पिछले लंबे समय से बंद कर दिया गया है ऐसे में लोगों को मेट्रो का सपना दिखाया जा रहा है जबकि पहले से चल रही सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने की बजाय उल्टे बंद कर दिया गया है उन्होंने कहा पलवल के नागरिक अस्पताल में डॉक्टर और दवाइयां का टोटा है जबकि फरीदाबाद के अंबा अस्पताल जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया अस्पताल में जमकर लूट की जा रही है। दलाल ने कहा भाजपा सरकार द्वारा केवल पूंजी पतियों को आगे बढ़ाया जा रहा है जबकि गरीब आदमी और पिसता चला जा रहा है। उन्होंने कहा हरियाणा में सरकार बनाने में हमारे क्षेत्र का पूरा योगदान रहा है जबकि आज इस क्षेत्र के लोग सरकार से पूरी तरह से दुखी हो चुके हैं विधायक और सांसद शांत है उन्होंने अपील करते हुए कहा 2024 के चुनाव में इन्हें उखाड़ फेंकना है और कांग्रेस कोई चुनना है।

दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं । इसी को लेकर होडल की अपराध शाखा पुलिस ने और पलवल की एंटी नारकोटिक्स सेल ने दो अलग-अलग मामलों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करके आरोपियों से 1 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। 6 जनवरी 2024 को डिटेक्टिव स्टॉफ प्रभारी रामवीर सिंह की टीम में तैनात एएसआई सिराजुद्दीन के नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम नशा तस्करों को पकड़ने के लिए कार्यवाही करने में जुटी हुई है । टीम ने मुंडकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बंचारीए मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक युवक मादक पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है जो आज भी गांव बंचारी के फ्लाई ओवर के नीचे डकोरा मोड पर थैला मे रख कर गांजा बेच रहा है। मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर टीम ने दबिश देकर उसे धर दबोचा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को पहुंच रहा है लाभ

लोगों को सरकार की योजनाओं का मिल रहा है ज्ञान

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित, विकसित भारत की दिलाई शपथ

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। होडल क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को लाभ पहुंच रहा है। सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की। ग्रामीण आंचल के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ उनका लाभ भी मिले, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिशा-निर्देशन में संकल्प यात्रा प्रदेश के गांव-गांव तक लोगों के बीच अपनी पहुंच बना रही है। यह वक्तव्य गांव करमन में पहुंचने पर रथ यात्रा का स्वागत करने के उपरांत होड़ल विधायक जगदीश नायर ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। नायर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल का बारम्बार धन्यवाद करते हुए कहा कि इस रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्ञान मिला है। ग्रामीण निश्चित तौर पर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएंगे। लोगों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, फैमिली आईडी में व्याप्त त्रुटियों के सुधार, स्वास्थ्य जांच, कृषि, पशुधन व श्रमिक लोन आदि का निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्राओं में कृषि कार्यों को सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली को प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसका किसान लाभ ले सकते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे ड्रोन के इस्तेमाल से चंद मिनटों में खेत में खाद अथवा कीटनाशक रसायन का छिडक़ाव करके अपने समय व धन की बचत कर सकते हैं। सरकार की ओर से इस ड्रोन को 70 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को देने की योजना बनाई गई है। सरकार नमो दीदी ड्रोन को हर एक पंचायत में भेजने का कार्य कर रही है। कार्यक्रमो में मुख्य अतिथि ने मौजूदगी को आत्मनिर्भर व विकसित भारत की शपथ दिलाई और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को निशुल्क गैस कनैक्शन भेंट किए। विकास यात्राओं में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभाग अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और उनकी पात्रता की भी जांच कर रहे है, ताकि पात्रता पूर्ण होने पर लोगों को योजनाओं से जोड़ा जा सके। बता दे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह रथ यात्रा जिला के प्रत्येक गांव और शहर व नगर के हर एक वार्ड को कवर करेगी, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की पहुंच बने। ऐसे व्यक्तियों को योजनाओं से जोडक़र समाज की मुख्य धारा में लाने की दिशा में संकल्प रथ यात्रा कार्य कर रही है। मुख्य अतिथिय ने विभागों की स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं की जानकारी के साथ-साथ लाभ की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक बनाने के जरूरी निर्देश भी दिए। कार्यक्रमों के दौरान उत्कृष्टल कार्य करने वाले विद्यार्थियों, खिलाडी, कलाकारों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशसति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को सरकार की योजनाओ से अवगत कराएं

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र बैंसला ने गांव अल्लीका में घर घर जन संपर्क करके केंद्र व राज्य की सरकारों का नौ साल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया । राजेंद्र बैंसला ने बताया कि आज देश में रोजगार , सुरक्षा, बढ़िया सड़के, शिक्षा देने के साथ साथ सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने का काम किया है। सरकार की सभी जन हितैषी योजनाओं के बारे में लोगो को अवगत कराते हुए बैंसला ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के 9 साल बेमिसाल रहे है। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंतोदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के कल्याण एवम उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नियत और ईमानदार सोच के चलते ही आज बिन खर्ची बिन पर्ची के योग्य युवाओं को नौकरी मिल रही है । जिस राम मंदिर का स्वप्न भाजपा ने दशकों पहले देखा था आज भाजपा की बहुमत की सरकार बनने का परिणाम ये है की अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार होने वाला है और आने वाली 22 जनवरी को देश इस पल साक्षी होगा। पूरा देश इस दिन घर घर दीपक जलाकर खुशियां मनाएगा और हर भारतीय का दशकों पुराना स्वप्न साकार होता हुआ दिखाई। इस मौके पर साथ में सोनू डागर, गौरव भारद्वाज, अतुल बघेल, इंद्रजीत, सूबेदार प्रताप सिंह, सुरेश, लखनपाल आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

13 वर्षीय बच्ची के साथ तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पलवल शहर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग (13 वर्षीय) बच्ची के साथ तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता नाबालिग के पिता की शिकायत पर तीन नामजद युवकों के खिलाफ दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, शहर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी घर के बाहर किसी काम से गई थी। उसी दौरान उसे शिवा, विपिन व कालू नाम के तीन युवक बहला-फुसला कर अज्ञात स्थान पर ले गए और उसके साथ तीनों ने उसे डरा-धमका कर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

पीड़ित बच्ची ने जब शोर मचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे व उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। जिससे बच्ची डर गई। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची और उसने घर आकर अपने परिजनों को आपबीती सुनाई । जिसके बाद परिजन बच्ची को लेकर पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने कार सवार दो आरोपीयों को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। होड़ल की अपराध शाखा पुलिस ने गांव उटावड से कार सवार दो आरोपियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उटावड़ थाना पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। होड़ल की अपराध जांच शाखा पुलिस प्रभारी रविंद्र कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम में तैनात हेड कांस्टेबल रिंकू ने मुखबिर की सूचना पर थाना उटावड क्षेत्र अंतर्गत गांव उटावड से कार सवार दो युवकों को अवैध हथियार देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। कार चालक की तलाशी लेने पर कार की ड्राइवर सीट के पीछे से यह कट्टा पुलिस ने बरामद किया । टीम ने अवैध हथियार देसी कट्टा एवं एक कारतूस तथा कार को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना उटावड़ में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दिया।

कंपनी के लाखों रुपए के गवन मामले में 10 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है । जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मामलों में वांछित भगौड़ो को पकड़ने के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत के तहत पीओ स्टॉफ पलवल प्रभारी प्रीतम सिंह की टीम ने सदर थाना पुलिस के वर्ष 2013 के कंपनी के लाखों रुपए के गवन मामले के पीओ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीओ स्टॉफ पलवल प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जब से उनको पीओ स्टाफ का चार्ज दिया है तभी से ही उनके निर्देशानुसार उनकी टीम लगातार उद्घोषित/पीओ तथा बेल जंपर अपराधियों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उनकी टीम ने थाना सदर पलवल में कंपनी के लाखों रुपए के गवन मामले के संबंध में दर्ज अभियोग संख्या 678/2013 धारा 407 34 आईपीसी में लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे एक आरोपी को आगरा, उत्तर प्रदेश से उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया है । जिन्हें आगामी कार्यवाही के लिए संबंधित हाल थाना गदपुरी पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

भारत स्काउट एंड गाइड मिनी जंबूरी में पलवल जिले के स्वयंसेवक हरियाणा का नेतृत्व करेंगे

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। सिक्किम राज्य के रेंगपो शहर मे 12 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक आयोजित पूर्वोत्तर स्काउट गाइड मिनी जंबूरी में पलवल जिले के स्वयंसेवक हरियाणा का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने बताया जिला स्काउटिंग के लिए यह गौरवान्वित पल है। जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत को संस्था की ओर से कार्यक्रम का स्टेट कोआर्डिनेटर बनाया गया है। उनके नेतृत्व में राजकीय मॉडल संस्कृति होडल, पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिडूकी तथा डीएवी पुलिस पबलिक स्कूल के स्काउट- गाइड यूनिट लीडर जिला प्रशिक्षक प्रभु दयाल हंस, वीर सिंह, अनुज चौहान, शारदा यादव मीणा देवी सहित 24 प्रतिभागियों का दल भाग लेगा। शिविर के दौरान कलर पार्टी, कैंप क्राफ्ट, लेआउट, परेड प्रदर्शन स्काउटिंग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सिक्किम नाइट, फोक डांस, फूड प्लाजा, प्रदर्शनी, कैंप फायर आदि सांस्कृतिक व साहसिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एलएस वर्मा तथा रोमा सपरा द्वारा जिले को प्रदान की गई इस जिम्मेदारी को स्वयंसेवक बखूबी निभाएंगे।

मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 11 जनवरी को करनाल में करेंगी आक्रोश रैली

रैली की सफलता की तैयारियों को लेकर जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। प्रदेश की हजारों मिड डे मील वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 11जनवरी को करनाल में आक्रोश रैली करेंगी। जिसमें पलवल जिले की मिड डे मील वर्कर्स भी बड़ी संख्या में भाग लेंगी।

रैली की सफलता की तैयारियों को लेकर आज यहां यूनियन की जिला प्रधान संतोष की अध्यक्षता में जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सीआईटीयू की नेता उर्मिला रावत व रामरति चौहान तथा रमेशचन्द विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीआईटीयू की नेता उर्मिला रावत व रामरति चौहान जिला प्रधान संतोष ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार मेहनत करके खाने वाले लोगों के ऊपर जनविरोधी व मजदूर विरोधी नीतियां लागू करके लगातार हमला बोल रही है। मिड डे मील वर्कर्स कम वेतन व बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के चलते आर्थिक बदहाली झेल रही हैं। जब से मिड डे मील के मानदेय में बढ़ोतरी हुई है तभी से स्कूलों में इनके ऊपर तरह तरह के बेगार के कार्य थोपे जा रहे हैं जबकि मिड डे मील का काम केवल खाना बनाना व उसे परोसना है। मिड डे मील वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं जबकि सरकार की तरफ से उन्हें 10 महीने का मानदेय दिया जाता है।सरकार महिला सशक्तिकरण का झूठा ढोल पीट रही है लेकिन सबसे ज्यादा शोषण भी महिलाओं का ही किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था को ख़त्म किया जा रहा है। पिछले 5 वर्षों

में स्कूल मर्जर के नाम पर लगभग 5 हजार सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। जिसके कारण लगभग 10 हजार मिड डे मील वर्कर्स का रोजगार छिन गया है। जबकि हरियाणा अध्यापक संघ द्वारा नई शिक्षा नीति का लगातार विरोध किया जा रहा है। सरकार की नई शिक्षा नीति अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाली है और गैर वैज्ञानिक सोच को पैदा करती है।भाजपा सरकार का पूरा षड्यंत्र है कि गरीबों के बच्चों को शिक्षा से दूर रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 29 हजार मिड डे मिल वर्कर काम कर रही हैं तथा स्कूल में बच्चों को पौसटिक आहार दे रही हैं लेकिन मिड डे मील वर्करों को 6-6 महीने तक मानदेय नहीं दिया जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकरियों से बातचीत करने पर बजट ना मिलने का हवाला दिया जाता है।अपनी मांगों को लेकर प्रदेश की हजारों मिड डे मिल वर्कर 11 जनवरी को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगी। जिला कमेटी की बैठक में यूनियन की जिला सचिव ऊषा व जयाबती, आशा सीहा, धर्मबती पेलक, सविता, सीमा पिंगोर, मोहनदेई, राजबती बाता व मछला कुशलीपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मिड डे मील वर्कर्स की मुख्य मांगे:

मिड डे मिल वर्करों के बकाया मानदेय का भुगतान तुरंत प्रभाव से किया जाए तथा प्रदेश की मिड डे मील को 10 महीने की बजाय 12 महीने का मानदेय दिया जाए व न्यूनतम वेतन 24 हजार रु दिया जाए। स्कूलों को मर्ज करने और उन्हें बंद करने का कदम वापस लिया जाए तथा मर्जर के चलते नौकरी से हटाई गई मिड डे मील को काम पर वापस लिया जाए। मिड डे मील वर्कर्स की रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपए ग्रेच्यटी के दिए जाएं। स्कूलों में मिड डे मील वर्कर्स से बेगार के काम ना कराए जाएं तथा बच्चों के खाना खाने के बाद किसी भी मिड डे मील कुक पर स्कूल में रुकने का दबाव ना बनाया जाए।

स्कूलों में स्वयं सहायता समूह बंद हो।इसके लिए किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। वर्दी भत्ता कम से कम 2000 सालाना किया जाए तथा बकाया वर्दी भत्ते का भुगतान किया जाए। मिड डे मील वर्कर्स का मेडिकल साल में एक बार ही कराया जाए। सभी मिड डे मील कुक को पक्का कर्मचारी घोषित करते हुए उन्हें ईएसआई व पीएफ में कवर किया जाए।

राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ में आयोजित हुआ साइबर जागरूकता कार्यक्रम

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ संदीप खरब ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला की अध्यक्षता में जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता माह जनवरी- 2024 के अंतर्गत राजकीय बहुतकनीकी उटावड़ में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टेक सिंह थाना प्रभारी उटावड़ ने साइबर क्राइम के संबंध में अपने विचार रखे तथा सभी

स्टाफ सदस्यों तथा छात्रों को आजकल हो रहे साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया एवं साइबर अपराधों में इस्तेमाल हो रही विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस विषय पर विभिन्न उदाहरण देकर समझाया। प्रधानाचार्य ने भी साइबर क्राइम से संबंधित अपराधों के बारे में छात्रों तथा स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया तथा सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने पुलिस टीम का स्वागत किया तथा थाना प्रभारी को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर गुलाब सिंह असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, सोनू हेड कांस्टेबल, सभी विभागाध्यक्ष तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 233 मरीजों ने उठाया लाभ : डॉ गोबिंद शरण

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। सेवानिवृत्त एसएमओ डॉ गोविंद शरण की अध्यक्षता में ग्लोबल हॉस्पिटल हथीन व पारस हॉस्पिटल गुरूग्राम के संयुक्त तत्वावधान में हथीन उपमंडल के गांव रनियाला खुर्द में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ गोबिंद शरण और सरपंच अनीश झाण्डा के द्वारा किया गया। इस एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी की भी की जाँच की गई। इसके अतिरिक्त कार्डियोलोजिस्ट टेस्ट फिजिशियन, आंखों के विशेषज्ञ जनरल फिजीशियन डाक्टर्स की टीमों ने मरीजों की जाँच व दवाईयाँ की सुविधाएं उपलब्ध करवाई। इस जाँच शिविर में डा० राशिद, डॉ कल्पना,

डा० मनोज, डा० जावेद, अंजली, गौरव, पवन ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। डॉ गोविंद शरण द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का लोगो ने लाभ उठाया और उनके परामर्श अनुसार स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। बता दें कैम्प में नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई। कैम्प में 233 मरीजो ने लिया लाभ। इस अवसर पर बाबूलाल, डॉ मुस्तफा, मा. सलाउद्दीन, अजमत, जुम्मा, मुकीम, डॉ मुस्तुफा, महमूद आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष ने भगवान परशुराम की मूर्ति के लिए दिए 2 लाख 51 हजार रुपए

सामाजिक बुराईयों को लेकर किया बैठक का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। शहर के गहलब रोड स्थित प्राचीन कुटी मंदिर के भव्य निर्माण कार्य पिछले काफी समय से चल रहा है। जिसका कार्य प्रगति पर है। कुटी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के लिए ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा ने 2 लाख 51 हजार रुपए की राशि का सहयोग दिया। इस अवसर ब्राह्मण सभा के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नरेश शर्मा के निवास पर एक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर व पगड़ी बांध कर स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, समय पर बच्चों की शादी न करना आदि पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त कुटी मंदिर पर भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने व मेधावी गरीब बच्चों को समाज की तरफ से उच्च शिक्षा ग्रहण कराने का दायित्व भार उठाने बारे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। वहीं आगामी मीटिंग में रक्तदान शिविर लगवाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सुंदर भारद्वाज कुलैना, देवेंद्र शर्मा एडवोकेट, सुभाष शर्मा, उमेश कौशिक, प्रेम चंद मास्टर, देवेंद्र शर्मा, मोती लाल शर्मा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड परिसर में लगा रक्तदान शिविर

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद् पलबल शाखा के सयुक्त तत्वावधान में हर घर रक्तदाता अभियान के अन्तर्गत हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड पलवल के परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में कपकपाती ठंड के बावजूद 46 रक्तमित्रों ने रक्तदान किया। शिविर का संयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य और क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, हरियाणा रोडवेज पलवल के जी.एम. नवनीत सिंह और भारत विकास परिषद् पलबल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद् के पूर्व प्रान्त अधिकारी अनिल मोहन मंगला, जिला अध्यक्ष सतीश कौशिश, शाखा उपाध्यक्ष भगवत स्वरुप सिंगला, शाखा महासचिव रविदत्त शर्मा, अधीक्षक राजेश ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है जो भी व्यक्ति रक्तदान करता है, वह अपने शरीर के अंश से किसी दूसरे को नया जीवन देता है। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने स्वयं वर्ष 2024 का प्रथम रक्तदान करके सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान करके देखो अच्छा लगता हैं और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम तरक्की के बावजूद रक्त को किसी लैब, फैक्टरी या संस्थान में तैयार नहीं किया जा सकता हैऔर न हीं मनुष्य को जानवर का खून दिया जा सकता है। रक्तदान करने से लोग कुछ हिचकते हैं जो गलत है। रक्त दान करना एक उत्तम कार्य है। इस अवसर पर हरियाणा रोडवेज बसस्टैंड पलव ल के अधीक्षक राजेश, गंगा राम, राज सिंह, डा. नरेश डागर,नेपाल सिंह, संजीव, पुजा, बबली, रुद्र मित्तल, विकल्प आदि ने विशेष सहयोग दिया।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पलवल पुलिस प्रतिबद्ध : डॉ अंशु सिंगला जिला पुलिस अधीक्षक

गलत लेन ड्राइविंग करने पर वर्ष 2023 में 7 हजार 850 वाहनों के किए चालान, करीब 40 लाख रुपए का किया जुर्माना

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में जिला पलवल पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2023 के दौरान जिला पुलिस ने हाइवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 7 हजार 850 वाहनों के चालान किए है। इसमें अधिकतर भारी वाहन ट्रक शामिल हैं।

नियमों की अवहेलना करने पर इन वाहनों पर करीब 40 लाख रुपए का जुर्माना भी किया गया है। जिस यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने बताया कि हाईवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से

होती हैं। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन निर्धारित की गई है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने वालों के चालन किए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर टोल प्लाजा के नजदीक वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक भी किया जा रहा है।

एसपी डॉ अंशु सिंगला ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से अपील की है। पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने इसके साथ ही वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा की वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फाग लाइट का प्रयोग करें। यह धुंध को काटने में मददगार साबित होती है।

उन्होंने कहा कि कोहरे में सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हेड लाइट को हाई बीम पर न रखें, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखें। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। वाहन चलाते समय कही मुड़ना है तो काफी पहले से इंडिकेटर दें। जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। अगर किसी वाहन में तकनीकी खराबी हो जाती है तो उक्त वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और उसके इंडिकेटर जलाएं।

सदर थाना पुलिस ने पशुओं को क्रूरता पूर्वक कैन्टर में भरकर ले जाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कैन्टर से 36 पशु (भैंस) क्रूरता पूर्वक बंधे हुए किए बरामद

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। सदर थाना पुलिस ने पशुओं को क्रूरता पूर्वक कैन्टर में भरकर ले जाने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है इतना ही नही पुलिस ने केंटर से 36 पशुओं को भी बरामद कर मामले से जांच कर रही है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल ने जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 7 जनवरी 2024 को थाना में तैनात हेड कांस्टेबल राहुल अपनी टीम के साथ गस्त कर रहे थे और उनकी टीम के.एम.पी. टोल पर मौजुद थी । उनकी पुलिस टीम को सुचना मिली की चार युवक गाड़ी कैन्टर न. ऋछ-14-ऋक्त-2603 में पशुओं को ठूस ठूंसकर भरकर चितौडगढ से डासना लेकर जा रहे है। जो कुछ समय बाद ही के. एम. पी. टौल से गुजरेंगे। सूचना के आधार पर टीम ने के. एम. पी. टौल पर नाकाबंदी करते हुए उसे काबू किया। उक्त कैन्टर को चैक किया तो कैन्टर में डब्ल डैकर बनाकर 36 पशु (भैंस) ठूस ठूंसकर भरी हुई मिली । इस संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस द्वारा चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है आरोपियों को आज पेश अदालत किया जाएगा।

पलवल के हुड्डा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी 25 जनवरी तक हर गांव, हर नगर और हर कस्बे में जा रही है। इस रथ यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचे और योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिले। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अपनी यात्रा में सफल हो रही है। जिसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सिटी 24 न्यूज
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नवल सिंह द्वारा कहकशा ग्राफिक्स, 1501, गली कासिम जान, लाल कुआं, दिल्ली-110006 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 273/3, मैजनाइन फ्लोर, मंटोला, पहाड़गंज (नई दिल्ली)-110055 से प्रकाशित एवं प्रसारित। समाचार में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों एवं समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल दिल्ली न्यायालय में ही मान्य होगा। मो. नं. 08826598195, ई-मेल: city24newsroom@gmail.com

200 करोड़ से होगी पृथला क्षेत्र की सड़कों की कायाकल्प : नयनपाल रावत

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि 200 करोड़ की लागत से पृथला क्षेत्र की सभी सडक़ों की कायाकल्प होगी और मार्च माह तक सभी सडक़ें नए सिरे से बनकर चकाचक हो जाएगी, जिससे लोगों को एक गांव से दूसरे गांव आने जाने में परेशानी नही होगी। उन्होंने कहा कि सडक़निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक नयनपाल रावत सोमवार क्षेत्र में बन रही सडक़ों का निरीक्षण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गढख़ेड़ा से पन्हेड़ा, पन्हेडा कलां से जवां, जवां से अटेरना, डींग से प्याला व प्याला से सीकरी बन रही सडक़ों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही करीब 22.50 करोड़ की लागत से सीकरी-धौज सडक़ का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र फरीदाबाद और पलवल के अंतर्गत आता है, ऐसे में इस क्षेत्र की सभी सडक़ें बेहतर बनवाया जा रहा है ताकि यहां के कनेक्टिविटी बेहतर हो और जब कनेक्टिविटी बेहतर होगी तो यहां रोजगार की भी संभावनाएं बढ़ेगी। श्री रावत ने कहा कि पिछले चार सालों के दौरान पृथला क्षेत्र में जितना विकास उन्होंने करवाया है, उतना विकास आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं करवाया। जो सडक़ेंवर्षो से बदहाल थी, उन्हें नए सिरे से बनवाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी जा रही, पंचायतों के माध्यम से गांवों में हरसंभव विकास करवाए जा रहे है। नयनपाल रावत ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा चुनाव आने वाले है, ऐसे में क्षेत्र में सभी सडक़ों के निर्माण कार्यो को युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है ताकि आचार संहिता लगने से पूर्व ही सभी विकास कार्य पूर्ण करवाए जा सके।

हरियाणा की जनता की उम्मीद बनी आम आदमी पार्टी : धर्मवीर भड़ाना

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। वर्तमान समय में हरियाणा बेरोजगारी में सबसे अव्वल है और अधिकतर विभागों के कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। प्रदेश की सरकार जुमलेबाजी में व्यस्त है और जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा की जनता सत्ताधारियों के मंसूबों को समझ चुकी है और प्रदेश में आम आदमी पार्टी को उम्मीद के रूप में देख रही है इसलिए तमाम पार्टियों को छोडक़र लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं क्योंकि आम आदमी पार्टी जनता को मूलभूत सुविधाएं दे रही है। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने अपना घर सोसाइटी में बिजेंदर भामला के दफ्तर पर उस वक्त व्यक्त किया जब कई दर्जन लोगों ने दूसरी पार्टियों को छोडक़र आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी खास रूप से मौजूद रहे। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को संबोधित करते हुए धर्मवीर भड़ाना और हरिंदर भाटी ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में इस साल सरकार बनाने जा रही है । दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी जनता को सभी सुविधाएं दी जाएगी। यह बातें सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान हरियाणा मैं बड़ी-बड़ी रैलियां को संबोधित करेंगे। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि खट्टर सरकार ने फरीदाबाद का हाल पूरी तरह से बेहाल कर दिया है। ना चलने के लिए ठीक है सडक़ेहैं ना पीने के लिए पानी और तमाम सेक्टरों और कालोनियों की सडक़ों पर सीवर का पानी भरा हुआ है। जनता परेशान है और खट्टर सरकार से छुटकारा पाना चाहती है। इस मौके पर हरजिंदर सिंह मेहंदी रत्ता, मेहरचंद हरसाना, संतोष यादव, सचिन चौधरी, सुभाष बघेल, अमित कुमार भीम यादव, राम गौर, सुदेश राणा सत्येंद्र शर्मा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

एक्सपो के माध्यम से उद्योगपतियों को मिलती है नई-नई तकनीकें : विपुल गोयल

इंडस टेक एक्सपो के समापन समारोह मे बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। फऱीदाबाद के सेक्टर 12 मे इंडस टेक एक्सपो की तरफ से मशीन टूल और ऑटोमोबाइल एक्सपो का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 800 से ज्यादा स्टॉल उद्योपतियों द्वारा लगायी गयी जिसमें तकरीबन एक लाख से ज्यादा दूसरे जिलों और राज्यों से आये उद्योगपतियों के साथ साथ एनसीआर के लोगों ने भी एक्सपो मे पहुँचकर मशीनों की जानकारी ली। आज एक्सपो शो के आखिरी दिन समापन समारोह मे पहुँचकर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने सभी कों उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी और स्टॉल पर जाकर स्वयं भी मशीनों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा की इस तरह के आयोजन से उद्योग जगत कों काफ़ी फायदा मिलता है और आज फऱीदाबाद के लिए गौरव की बात है जो 14 अन्य देशो से भी उद्योगपतियों ने यहाँ अपने स्टॉल लगाकर नई मशीनों की जानकारी दी है । इस अवसर पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने सभी आयोजको का धन्यवाद किया और कहा की यह एक्सपो हमें आधुनिक मशीन टूल और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के नए विचारों से अवगत करवाने का काम करेगा और उद्योग जगत कों आगे बढ़ाने और नीतियों मे सुधारने के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने इस अवसर पर केंद्र और प्रदेश की उद्योग जगत के लिए बनायीं कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। गोयल ने कहा की इस तरह के आयोजन से उद्योगपतियों कों व्यापार के नए विकल्प एक ही छत के निचे मिल जाते है और ज़ब एक साथ इतने उद्योगपति मिलते है तो नए आईडिया भी मिलते है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रहे विपुल गोयल ने कहा की आईटीआई के विद्यार्थी भी यहाँ कार्यक्रम मे आकर जानकारी लेते दिखे जोकि बहुत अच्छी बात है की हर वर्ग इस एक्सपो से लाभानवित हों रहा है। इससे पहले पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओ के साथ-साथ मोमेंटो भेंट कर आयोजको द्वारा अभिवादन किया गया। इस मौके पर सुखदेव सिंह एमएएफ प्रधान, रामनीक प्रभाकर एमएएफ महासचिव, ऋषि त्यागी एमएएफ कोषाध्यक्ष, जगदीश शर्मा एमएएफ उपाध्यक्ष, दीपक चौधरी द्रोणाचार्य इवेंट, शकील खान, कुलदीप सिंह व अन्य उद्योगपति मौजूद थे।

नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा का हुआ जगह-जगह स्वागत

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। भाजपा संगठन ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाकर ना केवल मुझे सम्मान दिया है, अपितु पूरी पंजाबी बिरादरी का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। यह वाक्य नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने सेक्टर-55 में राजपूताना क्लब के सदस्यों द्वारा स्वागत कार्यक्रम में कहे। इससे पहले उनका स्वागत 2 एल ब्लॉक और सेक्टर -55 के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में स्वागत किया गया।

सेक्टर-55 में राजपूताना क्लब के कार्यक्रम में फरीदाबाद बीजेपी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला प्रधान भगवान सिंह के साथ मिलकर शहीद वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के चित्र का अनावरण करते हुए उन्हें फूल-मालाएं एवं दीप जलाकर नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने अपनी और से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का स्वागत करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी ही केवल एक ऐसी पार्टी है जिसमे कब कौन सा छोटा कार्यकर्ता बड़े पद पर आकर आसीन हो जाये कहा नहीं जा सकता। कार्यकर्ता को सही और उचित सम्मान केवल बीजेपी पार्टी में ही है। इस अवसर पर फरीदाबाद,स्क्रैप मार्केट के प्रधान और बीजेपी नेता प्रदीप राणा ने कहा की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा हमारे बीच के ही पुराने साथी है समाजसेवा के विभिन्न कार्यों से जुड़े बीजेपी के कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ता को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देकर हम सभी का सम्मान बढ़ाया है।

इस मौके पर राजपूताना क्लब के प्रधान रमेश तंवर, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-55 के प्रधान बजरंग लाल तोषनीवाल , पर्यावरणविद् ओमवीर सिंह, रोहतास पहलवान, रामचरण यादव, शिक्षाविद् नरेश गुप्ता, उद्योग पति लक्ष्मी नारायण शर्मा, तेजपाल पंवार, समाजसेवी मुकेश डागर स0 सरबजीत सिंह हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल इत्यादि भी उपस्थित थे।

नई शिक्षा नीति को बनाया जाएगा रोजगार परक : मूलचंद शर्मा

कर्टन रेजर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने किया बायोटेक संस्थान में ब्रोसर का भी लोकार्पण

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोमवार को ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में समारोह कर्टन रेजर जारी किया और वहां उपस्थित युवा वैज्ञानिकों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रोसर का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचारों के क्षेत्र में उपलबंधियों की एक विस्तृत श्रृंखला का जश्न मनाना और उजागर करना है। आईआईएसएफ 2023 का विषय अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच है। 17 जनवरी से 20 जनवरी तक इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने मूलचंद शर्मा ने आईआईएसएफ 2023 के आयोजन स्थल के रूप में फरीदाबाद को चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में फरीदाबाद और हरियाणा के अन्य जिलों के स्कूली बच्चों को साइंस एण्ड टैक्नोलोजी का लाभ मिलेगा। उन्होंने आयोजन स्थल को विकसित करने में किए गए जबरदस्त काम के लिए आईआईएसएफ 2023 के आयोजकों को बधाई दी और आईआईएसएफ 2023 को एक शानदार सफलता बनाने में सरकार की ओर से सभी सहयोग का वादा किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद देश और दुनिया में तथा एशिया की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां सूई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान तक बनाए जाते हैं। विश्व में उद्योगिक क्षेत्र में फरीदाबाद की सात कंपनियों का विशेष योगदान रहा है। इसी कारण से फरीदाबाद औद्योगिक नगरी के क्षेत्र में एशिया में यह मुकाम है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि साइंस फेस्टिवल महाकुंभ में जो भी जिम्मेदारी उन्हें सरकार हरियाणा सरकार को 17 से 20 जनवरी तक मिलेगी उसकी हर संभव रूप से पूर्ण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि त्रेता युग से लेकर आज तक देश और दुनिया में भारत की साइंस को माना जा रहा है। रामायण और महाभारत पर भी दुनिया में साइंस के जरिए शोध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का वैज्ञानिक विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आधुनिक युग में इलेक्ट्रिकल बस, सोलर ट्यूबवेल और खेती भी साइंस से की जा रही है। इसमें साइंस का बड़ा योगदान है। आने वाले समय में वैज्ञानिक और भी खोज करेंगे। नई शिक्षा नीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में जो नई शिक्षा नीति का सरकार द्वारा क्रियांवित किया जा रहा है, उसमें शिक्षा लेने वाले बच्चे नौकरी लेने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनेंगे। शिक्षा को रोजगार परक शिक्षा बनाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति प्रदेश में 2025 तक पूर्ण रूप से लागू कर दी जाएगी। देश और प्रदेश में नई शिक्षा नीति के जरिए विश्वविद्यालय, साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बदलाव लाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर डाक्टर सोना पटेल, एचएसवीपी प्रशासक डाक्टर गारिमा मित्तल, एसडीएम बडख़ल अमित मान, एमसीएफ की सयुक्त आयुक्त शिखा अनतिल, तहसीलदार सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और वैज्ञानिक तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे हैं।

परिवार में संस्कार, संस्कृति से सनातन धर्म की पुनर्स्थापना एवं रामराज्य की परिकल्पना संभव : वीरेंद्र

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम संपन्न

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा समाज के वनवासी एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए सहयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगठन प्रभारी वीरेंद्र जी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। सोमवार को सेक्टर-11 स्थित अग्रवाल सेवा सदन के सभागार में आयोजित संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन से विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। महर्षि वाल्मीकि विकास केंद्र, ज्योति विकास केंद्र, प्रभात विकास केंद्र में अध्ययनरत बालक - बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत समूहनृत्य, एकल गीत, एकल नृत्य, भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख श्रीमान गंगा शंकर मिश्र सह,संघचालक जयकिशन गुप्ता का आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता वीरेंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के साथ अभिभावकों में भी शिक्षा के साथ संस्कार के महत्व को समझने की आवश्यकता है। परिवार में संस्कार, संस्कृति रहेगी तभी सनातन धर्म की पुनर्स्थापना हो पाएगी। वंचित, कमजोर वर्ग के उद्धार के साथ साथ दिल्ली एनसीआर में परिवारों में नैतिक शिक्षा का प्रचार - प्रसार जरूरी है। सभी के सहयोग एवं प्रयास से परिवार में संस्कार रहेंगे तभी राम राज की परिकल्पना साकार हो पाएगी। पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता एवं समानता का भाव जागृत करना है। उन्होंने सो वंचित बच्चों के भरण पोषण मे सहयोग करने के साथ - साथ उपस्थित जनों को भी तन मन धन से सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।उन्होंने कहा कि वनवासी, वंचित, कमजोर वर्गों के कल्याण में सहयोग करने का संकल्प लेकर जाएं। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संस्कार रक्षा परिवार योजना के अंतर्गत प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों में समय-समय पर योगाभ्यास, गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का जाप, तुलसी और गिलोय का पौधा रोपण, स्वदेशी वस्तु की राष्ट्रीय हित में उपयोगिता, त्रिवेणी अर्थात नीम, पीपल और बरगद के वृक्षों का रोपण तथा पोषण, अपने देश के महापुरुषों एवं अवतारी पुरुषों, सांस्कृतिक परंपराओं की ज्ञान के साथ वीर बालकों के जीवन प्रसंग का वचन, चिंतन मनन बच्चों के साथ अभिभावकों को भी करना होता है।

इस कार्यक्रम में मंचासीन संघचालक जयकिशन गुप्ता, धर्मेंद्र कौशिक, एम पी रूंगटा, अजय तिवारी, जय प्रकाश गुप्ता, हर्ष कुमार मित्तल, सुरेश कुमार मित्तल, सुरेश चंद गर्ग, सतीश कुमार बंसल, अशोक गोगिया, श्रीचंद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, देव प्रकाश शर्मा, वी पी सिंह बतौर विशिष्ठ अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ। सुखबीर गोयल ने कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किया। इस आयोजन में राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख श्री राम अग्रवाल, आर सी चौधरी, सुखबीर गोयल, कार्यक्रम के सहसंयोजक विमल खंडेलवाल, सत्य प्रकाश शर्मा, के बी दूबे, का विशेष योगदान रहा।

विधायक ने किया 33 लाख के इंटरलॉकिग टाइल लगाने के कार्य का शुभारंभ

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। बडख़ल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देश पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनेगा। आज पीएम मोदी व सीएम मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में देश व हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश व प्रदेश में औद्योगिक विकास तेज गति से हो रहा है। युवाओं को रोजगार मिल रहा है और गरीब और जरूरतमंदों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक श्रीमती त्रिखा सोमवार को विधायक नगर आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत स्थानीय इंदिरा गांधी कॉलोनी सेक्टर 21बी में अनुमानित 33 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल लगाने के कार्य की शुरुआत भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं स्थानीय निवासियों के कर-कमलों से करवाने के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उपस्थित जनों ने विधायक सीमा त्रिखा व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वोहरा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वप्न है कि जब वर्ष 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे हों, तब भारत देश पूर्ण रूप से विकसित हो। पात्र व्यक्ति सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाएं ताकि देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सके। बडखल खेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती त्रिखा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, जिसको लेकर आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा जैसी योजनाएं आरम्भ की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को मजबूत किया है। इसी का प्रमाण है कि नागरिकों को पहले से कहीं अधिक बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवहन की सेवाएं मिल रही हैं। किसान को अनाज का उचित दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान आवश्यक है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होगा। इस अवसर पर रूबी सिंह, श्याम सिंह, अनिल मेहरा, प्रभजीत सिंह, चमन, प्रेमपाल सिंह, रिछपाल सिंह, गुरदेव सिंह, जरनैल सिंह, वीरेंद्र, डा. जे.पी. वर्मा, जयपाल, कर्मवीर, सतेंद्र, जितेंद्र, एडवोकेट जितेंद्र चंदीला, सुरजीत नागर, पंकज सिवाल, प्रेम दीवान तथा विस्तारक गोपाल पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।